अलग-अलग कारणों से विभिन्न यूरोपीय देशों में वहां की सरकारों के खिलाफ हो रहे धरना-प्रदर्शन जिस तरह अराजक होते जा रहे हैं, उससे समूचा यूरोप संकट से घिरता दिख रहा है। यह सामान्य बात नहीं कि फ्रांस, इटली, अल्बानिया, पुर्तगाल और बेल्जियम आदि में सड़कों पर उतर कर सरकारों के खिलाफ असंतोष जताने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। चिंताजनक यह है कि कहीं-कहीं असंतोष का यह प्रदर्शन हिंसा, आगजनी और लूटपाट में तब्दील हो जा रहा है। इस मामले में फ्रांस के कुछ शहरों में हो रही अराजकता किसी बड़े गंभीर संकट का सूचक जान पड़ती है। प्रदर्शनकारी आगजनी और लूटपाट करने के साथ पुलिसकर्मियों पर हमले भी कर रहे हैं। फ्रांस में धरना-प्रदर्शन स्कूलों में शिक्षकों और सुविधाओं की कमी को लेकर शुरू हुए थे। बाद में महंगाई और सामाजिक योजनाओं के व्यय में कटौती जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल हो गए। फ्रांस के अलावा अन्य यूरोपीय देशों में कहीं सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर रहे हैं, कहीं बेरोजगारी के विरोध में तो कहीं बढ़ती महंगाई अथवा आवास की कमी के कारण। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि लोगों के असंतोष को भुनाने और अराजकता का सहारा लेने वाले सक्रिय हो चुके हैं। अंदेशा इसका है कि आने वाले दिनों में यूरोप के अन्य देश भी अराजकता भरे प्रदर्शनों से दो-चार हो सकते हैं। यूरोप में अप्रवासियों के खिलाफ भी आक्रोश पनप रहा है। इसके नतीजे में कई यूरोपीय देशों में दक्षिणपंथी दलों का उभार हो रहा है। समस्या यह है कि अवैध अप्रवासियों का जो विरोध हो रहा है, उसकी चपेट में वैध अप्रवासी भी आ रहे हैं। अप्रवासियों के खिलाफ विरोध की लहर आस्ट्रेलिया और अमेरिका में भी देखी जा रही है।

यूरोप और पश्चिम के अन्य देश जिन समस्याओं से घिरे हैं, उनके लिए वही अधिक जिम्मेदार हैं। ये देश हिंसक प्रदर्शनों को इसलिए नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि लोगों की जायज चिंताओं के बहाने अराजकता फैलाने वालों को कुछ ऐसी शक्तियां भड़काने में लगी हुई हैं, जो अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति करना चाहती हैं। इनमें इस्लामिस्टों और कम्युनिस्टों के गठजोड़ की भूमिका कहीं अधिक दिखाई दे रही है। ऐसे गठजोड़ दुनिया के अन्य देशों में भी अस्थिरता और अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। कहीं-कहीं यह गठजोड़ आतंक को पैरवी करने वालों का भी साथ दे रहा है और लोगों के बीच वैचारिक खाई को चौड़ा करने का काम भी कर रहा है। ऐसे तत्वों से विश्व समुदाय को एकजुट होकर निपटने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं होता तो यूरोप में आज जो अशांति का माहौल दिख रहा है, वह विश्व के अन्य देशों में भी देखने को मिल सकता है।

दुविधा मिटे

इलाहाबाद हाई कोर्ट के बेसिक शिक्षा से जुड़े सरकारी शिक्षकों के दस्तावेज की जांच के आदेश से उनका राजफाश होगा, जो उत्तर प्रदेश में दूसरे के कागजात के आधार पर असें से नौकरी कर रहे हैं। यह अनुचित है और मुकदमे के दौरान साबित हो गया कि कुछ न कुछ घालमेल है। हाई कोर्ट ने ठीक ही कहा है कि मुफ्त किताबें, मिड-डे मील और यूनिफार्म जैसी सुविधाओं के बावजूद स्थिति में अगर सुधार नहीं हुआ है, तो इसका प्रमुख कारण शिक्षकों की गुणवत्ता हो सकती है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद आवश्यक है कि त्वरित जांच हो। ऐसे मामले में जानबूझ कर प्रक्रिया लंबी करा दी जाती है, ताकि अवांछित लोगों को लाभ मिलता रहे। निश्चय ही नियुक्ति प्राधिकारी को धोखा देने में कोई बड़ा तंत्र सक्रिय होगा। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से मिले तथ्य पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। गोरखपुर की शिक्षिका के मामले में संदेह की पुष्टि भी लगभग हो चुकी है। बहुत आवश्यक है कि पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर शिक्षकों की नियुक्ति की जांच की जाए। बचपन अगर अकुशल शिक्षकों के हाथों से संवरेगा तो देश का भविष्य आहत होगा। स्कूली शिक्षा जीवन को आधार देती है, इसकी श्रेष्ठता आवश्यक है। शिक्षण की गुणवत्ता से समझौता आत्मघाती होगा। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि तय समयावधि में जांच कर गलत तरीके से नौकरी कर रहे शिक्षकों की विदाई हो।

स्कूली शिक्षा जीवन को आधार देती है। इसकी श्रेष्ठता आवश्यक है। शिक्षण की गुणवत्ता से समझौता आत्मघाती होगा

सार्थक बनाई जाए उच्च शिक्षा नीति

हाल में जारी अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआइएसएचई) से मिले आंकड़े हमें भारतीय उच्च शिक्षा के अगले चरण के बारे में सोचने का अवसर देते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 में उच्च शिक्षा में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 3.42 करोड़ थी, जो 2023-24 में बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई। आज सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 30 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं के लिए यह 31.2 प्रतिशत है। स्टेम यानी विज्ञान, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग और गणित में विद्यार्थियों की संख्या जो एक दशक पहले तक 91.5 लाख थी, बढ़कर 1.02 करोड़ हो गई है। शिक्षकों की संख्या बढ़कर 17.32 लाख हो गई है, जिनमें 44.9 प्रतिशत महिलाएं हैं। पहली बार एआइएसएचई में विश्वविद्यालयों से पूछा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के प्रमुख प्रविधानों को उन्होंने कैसे लागू किया। जवाब देने वाले 1,278 विश्वविद्यालयों में से केवल 41 प्रतिशत के यहां इंटर्नशिप सेल है, 45 प्रतिशत बहुविषयक कार्यक्रम चला रहे हैं और मात्र 15 प्रतिशत ने किसी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भाग लिया है। करीब 17.3 लाख शिक्षक हैं। इनमें 67.2 प्रतिशत लेक्चरर या असिस्टेंट प्रोफेसर, 9.8 प्रतिशत रीडर और एसोसिएट प्रोफेसर, 9.7 प्रतिशत प्रोफेसर या समकक्ष, 5.9 प्रतिशत अस्थायी शिक्षक, 6.6 प्रतिशत प्रदर्शक एवं ट्यूटर और 0.8 प्रतिशत विजिटिंग टीचर हैं।

रेजुएशन के स्तर पर कला सबसे लोकप्रिय है, लेकिन विज्ञान, इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी, वाणिज्य जैसे विषयों में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी हैं। हमें यह समझना होगा कि वे ये विकल्प क्यों चुनते हैं, उनका पढ़ाई का अनुभव कैसा रहता है और पढ़ाई पूरी करने के बाद वे क्या करते हैं? हमें विद्यार्थियों की पढ़ाई और उसके बाद उनके रोजगार, आय और आगे की उच्च शिक्षा के आंकड़े भी प्राप्त करने होंगे। उच्च शिक्षा नीति को और सशक्त और सार्थक बनाने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को कैंपस छोड़ने के बाद भी ट्रैक किया जाए। 30 प्रतिशत का जीईआर एक प्रभावशाली आंकड़ा है और बताता है कि बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया गया। एनईपी-2020 ने 2035 तक इसे 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन 50 प्रतिशत ही क्यों, हम उससे आगे का लक्ष्य रख सकते हैं। अगले बीस वर्षों में भारी संख्या में भारतीय युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे, लेकिन सिर्फ बढ़ती संख्या काफी नहीं। उनकी शिक्षा में क्षमता, गुणवत्ता और उपयोगिता को भी सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए हमें कुछ प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। जैसे कि एएनआरएफ अधिनियम, 2023 के तहत बनाए गए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) का उद्देश्य है- शोध, नवाचार और उद्यमिता को दिशा दिखाने और अकादमिक जगत, उद्योग, प्रयोगशालाओं तथा सरकार के बीच सहयोग को बढ़ाना।

इस साल मई में एएनआरएफ ने 10 कन्वर्जेंस सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की, जो विज्ञान और टेक्नोलाजी को सामाजिक विज्ञान और मानविकी से जोड़ेंगे। भारतीय विश्वविद्यालयों में शोध की क्षमता को विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इसकी सफलता का आकलन सिर्फ शोधपत्रों और पेटेंट की संख्या से नहीं, बल्कि तकनीक, उद्यमों और उच्च गुणवत्ता की मानव पूंजी से किया जाना चाहिए। इसी तरह केवल पाठ्यक्रम यह तय नहीं करता कि कोर्स कितना अच्छा है। विद्यार्थी क्या और कैसे सीखते हैं, उनका आकलन कैसे किया जाता है और क्या जो सीखा उसका वे व्यावहारिक स्तर पर इस्तेमाल कर पाते हैं-इन बातों से सफलता मापनी चाहिए। शिक्षा में बहुविषयक पढ़ाई, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया से जोड़ते हैं, पर प्रासंगिकता के नाम पर बौद्धिक गहराई से समझौता नहीं हो। हमें ऐसे ग्रेजुएट्स चाहिए, जो केवल औजारों को इस्तेमाल करना ही न जानते हों, बल्कि यह समझ भी रखते हों कि उन औजारों के ऐतिहासिक-मानवीय संदर्भ क्या हैं और उनको इस्तेमाल करने में क्या जिम्मेदारियां निहित हैं। सही सवाल पूछना, समस्या को ठीक ढंग से परिभाषित करना और तब उसका हल निकालना, ये सब उन्हें आना चाहिए।

हमें ऐसे उत्कृष्ट शिक्षक भी चाहिए जो अध्यापक होने के साथ-साथ सक्रिय शोधकर्ता भी हों। इसके लिए जरूरी है कि उनके लिए बेहतर अकादमिक करियर-पाथ सुनिश्चित हो, जहां शोध और अध्यापन के लिए उन्हें पूरा समर्थन और संसाधन मिलें और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलें। इसके साथ उच्च शिक्षा में अपनी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। कुछ संस्थान शोध पर केंद्रित हो सकते हैं, कुछ उत्कृष्ट ग्रेजुएट शिक्षा प्रदान कर सकते हैं, कुछ संस्थान क्षेत्रीय विकास पर काम कर सकते हैं और कुछ आर्थिक बदलाव के प्रमुख केंद्र बन सकते हैं। इतने बड़े देश में, जहां अलग-अलग क्षेत्रों की ऐतिहासिक, औद्योगिक और भौगोलिक जरूरतें भिन्न हैं, सभी संस्थानों को एक ही ढांचे में ढालना सही नहीं होगा। एक साझा रेगुलेटरी ढांचा बनाने की चर्चा भी बहुत समय से होती रही है, जिसमें रेगुलेशन, एक्रेडिटेशन और अकादमिक स्टैंडर्ड्स के लिए अलग-अलग मानक हों। इससे संस्थानों की स्वायत्तता बनाए रखते हुए व्यवस्था का बिखराव कम होगा।

(लेखक अशोका यूनिवर्सिटी, दिल्ली-एनसीआर के संस्थापक एवं बोर्ड आफ ट्रस्टीज के चेयरपर्सन हैं)

response@jagran.com



प्रभात राज सिन्हा

छात्रों को सही सवाल पूछना, समस्या को ठीक ढंग से परिभाषित करना और फिर उसका हल निकालना आना चाहिए



शोध, नवाचार, उद्यमिता को मिले प्रोत्साहन। प्रतीकात्मक

ऊर्जा

आत्मज्ञान का अर्थ

आत्मज्ञान को प्रायः ऐसी उपलब्धि मान लिया जाता है, जिसके पश्चात भीतर बसा अज्ञान का अंधकार सदा के लिए समाप्त हो जाता है। किंतु क्या किसी प्रकार का ज्ञान प्राप्त हो जाने मात्र से मनुष्य का समूचा व्यक्तित्व उस सत्य के अनुरूप रूपांतरित हो जाता है? क्या किसी क्षण अहंकार की प्रकृति को समझ लेने वाला व्यक्ति भविष्य में अहंकार से मुक्त ही रहेगा, अथवा क्रोध की व्यर्थता का बोध हो जाने के बाद भी परिस्थितियों के सम्मुख उसका विवेक धूमिल नहीं पड़ सकता? संभवतः आत्मज्ञान की सबसे कठिन परीक्षा उसकी प्राप्ति में नहीं, बल्कि उसे प्राप्त कर लेने के पश्चात अपने भीतर शेष रह गए अज्ञान को पहचानने में है।

मनुष्य के भीतर सत्य का बोध और सत्य के अनुरूप जीने की क्षमता सदैव समान अनुपात में विकसित नहीं होती। कभी-कभी चेतना किसी एक पैने क्षण में उस सूक्ष्म ज्ञान को स्पष्ट देख लेती है, जिसकी गुत्थी उसकी बुद्धि सुलझा नहीं पा रही थी। उसे प्रतीत होता है कि संबंधों में टूख दूसरों के व्यवहार से ही नहीं, अपनी अपेक्षाओं से भी जन्म लेता है। क्षमा दूसरे के अपराध को उचित ठहराना नहीं, अपने अंतर्मन को प्रतिशोध की पराधीनता से मुक्त करना है। अहंकार का परित्याग अपने अस्तित्व का निषेध नहीं, बल्कि स्वयं को केंद्र मानने की प्रवृत्ति का अतिक्रमण है। यद्यपि इस बोध के पश्चात भी जब जीवन की कोई प्रतिकूल परिस्थिति सामने आती है, तब वही पुरानी प्रतिक्रियाएं पुनः सक्रिय हो सकती हैं। जिस सत्य को चेतना ने कभी स्पष्ट देखा था, वह व्यवहार में धुंधला पड़ने लगता है। इसका अर्थ यह नहीं कि पूर्वानुभूति असत्य थी, बल्कि यह कि सत्य का बौद्धिक अथवा क्षणिक साक्षात्कार और संपूर्ण व्यक्तित्व का रूपांतरण दो भिन्न प्रक्रियाएं हैं।

आत्मज्ञान की सार्थकता इसमें है कि भ्रमित होने पर संभलने में कितना समय लगता है।

ट्विंकल तोमर सिंह

नवाचार संस्कृति को मिले बढ़ावा

रंजना मिश्रा

जब हजारों युवा नए प्रयोग करने का जोखिम उठाते हैं, तभी कुछ युगांतकारी आविष्कार सामने आते हैं

यूपीआइ, आधार और डिजिलाकर जैसे 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' ने भारत में एक ऐसा खुला डिजिटल राजमार्ग तैयार किया है, जिस पर खड़े होकर हजारों नए फिनटेक और सेवा स्टार्टअप्स ने जन्म लिया है। नवाचार की नई गति देने के लिए सरकार ने उन क्षेत्रों के दरवाजे भी निजी क्षेत्र और युवाओं के लिए खोल दिए हैं, जो दशकों तक केवल सरकारी संस्थाओं तक सीमित थे। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा निर्माण इसके सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। नई अंतरिक्ष नीति आने के बाद आज भारत के युवा विज्ञानी अपने निजी राकेट इंजन और छोटे उपग्रह बना रहे हैं। इसी तरह रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी ड्रोन, रोबोटिक्स और आधुनिक सुरक्षा उपकरण बनाने वाले स्टार्टअप्स को सीधा प्रोत्साहन मिल रहा है। भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को देखते हुए सरकार ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, इंडिया-एआई मिशन, बायो-ई3 नीति और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की शुरुआत की है, ताकि कंप्यूटर चिप से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जैव-प्रौद्योगिकी तक हर आधुनिक तकनीक भारत में ही विकसित हो सके।

किसी भी देश में नवाचार की जड़ें उसकी शिक्षा व्यवस्था और प्रयोगशालाओं में होती हैं। बच्चों में बचपन से ही रटने की आदत छुड़ाकर प्रयोग करने का सोच विकसित करने के लिए देश भर के स्कूलों में हजारों 'अटल टिंकरिंग लैब्स' खोली गई हैं, जहां स्कूली बच्चे रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और विज्ञान के नए प्रयोगों से जुड़ रहे हैं। वहीं, उच्च शिक्षा और शोध को मजबूत करने के लिए 'अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन' की स्थापना की गई है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र में नई खोजों को आर्थिक ताकत देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का 'रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन' कोष बनाया गया है, जो डीप-टेक और जोखिम भरी नई तकनीकों पर काम करने वाली कंपनियों को बेहद कम ब्याज पर लंबी अवधि की पूंजी उपलब्ध कराता है। भारत का कुल अनुसंधान और विकास खर्च पिछले दस वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

आज देश में दो लाख चालीस हजार से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इसे और तेज करने के लिए अभी कुछ और मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। कालेजों में होने वाले शोध और कार्यक्रमों की जरूरतों के बीच का फासला खत्म करना होगा, ताकि प्रयोगशाला की खोजें और पेटेंट फाइलों में बंद रहने के बजाय बाजार के उपयोगी उत्पाद बन सकें। साथ ही, समाज और परिवार के स्तर पर असफलता के डर को खत्म करना होगा, क्योंकि जब हजारों युवा नए प्रयोग करने का जोखिम उठाते हैं, तभी कुछ युगांतकारी आविष्कार सामने आते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

उजागर हुई विपक्ष की साजिश

'अराजकता के सहारे सत्ता परिवर्तन वाली हरकतें ' शीर्षक से प्रकाशित संजय गुप्त का आलेख देश-काल एवं परिस्थितियों का सटीक प्रतिबिंब है। जिस कांग्रेस ने आजादी से पहले महात्मा गांधी के मूल्यों को अंगीकार किया, वही कांग्रेस आज देश में अराजकता फैला कर खूनी क्रांति की बात करने वाले लोगों के साथ खड़ी नजर आ रही है। वह किसी भी तरह से देश की सत्ता पर काबिज होना चाहती है, फिर चाहे उसके लिए 1975 की तरह देश के संविधान को ही क्यों न रौंदना पड़े। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर देश की युवा पीढ़ी का समर्थन प्राप्त करने वाली सीजेपी बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाकर संसद को बंधक बनाने की तैयारी में थी, लेकिन मोदी सरकार की सुझबूझ और सतर्कता से वह कामयाब नहीं हो पाई। बोट चैरी के झूठे आरोप के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगने के लिए जब वह अपने सहयोगियों के साथ फिर से सड़क पर उतरी तो उसकी इस राजनीतिक मांग को युवाशक्ति का समर्थन नहीं मिला और देश को अस्थिर करने वाली साजिश फ्लाप हो गई। अब स्थिति यह है कि दिल्ली की सड़कों पर अराजकता फैलाने के मामले में गिरफ्तार सीजेपी नेताओं को इस शर्त पर जमानत मिली है कि वे दोबारा अशांति फैलाने की कोशिश नहीं करेंगे। इनका साथ देने वाली कांग्रेस को जब देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में आड़े हाथों लिया तो वह भी बोट के जरिये सत्ता परिवर्तन की बात करने लगी। केंद्र सरकार को सजगता से मायूस सीजेपी और सीएए विरोधी दंगों के आरोपितों को जमानत मिलने से दिल्ली पुलिस की साख को जो बट्टा लगा है, उसकी भरपाई होनी चाहिए।

(लेखक रक्षा मामलों के जानकार हैं)

मेलबाक्स

उसके कंधे का सहारा लेकर केंद्रीय सत्ता पर काबिज होने का दिवास्वप्न देखने वाले राहुल गांधी को अब यह बात समझ आ जानी चाहिए कि भारत की सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था में अराजकता के सहारे सत्ता परिवर्तन नहीं हो सकता। इसके लिए सही मुद्दों के साथ देश का विश्वास जीतना होगा।

ब्र. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उप्र)

पूजा पंडाल में भगदड़

त्योहार जीवन में उल्लास, आस्था और सामाजिक एकता का संचार करते हैं। मंदिरों में दर्शन, धार्मिक मेलों में भागीदारी और दुर्गा पूजा जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होना भारतीय समाज की जीवंत परंपरा है। लेकिन जब इन्हीं आयोजनों से लौटते समय किसी परिवार के घर का चिराग बुझ जाए, किसी मां की गोद सूनी हो जाए या किसी बच्चे के सिर से माता-पिता का साया उठ जाए, तो उत्सव की खुशियां मातम में बदल जाती हैं। सवाल उठता है कि क्या आस्था के इन केंद्रों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी व्यवस्था की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए? कोलकाता के उत्तर भाग में स्थित चोरबागान सार्वजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में हुई भगदड़ ने एक बार फिर इस सवाल को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है। अचानक हुई बारिश, पंडाल के आसपास उमड़ी भीड़, संकरे रास्तों और भीड़ के दबाव ने स्थिति को भयावह बना दिया। कोलकाता के पूजा पंडालों में हर साल बड़ी संख्या में लोग मां दुर्गा के दर्शन करने और कलात्मक सजावट देखने पहुंचते हैं। ऐसे में आयोजन समितियों और प्रशासन से अपेक्षा रहती है कि वे संभावित भीड़, मौसम में बदलाव और आपातकालीन परिस्थितियों का आकलन पहले से करें। यदि बारिश के कारण सैकड़ों लोग एक साथ किसी संकरे प्रवेश द्वार की ओर बढ़ने लगें, तो वहां भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस खतरे का अनुमान लगाने के लिए किसी विशेषज्ञता की नहीं, बल्कि दूरदर्शिता, समन्वय और तैयारी की आवश्यकता होती है। कोलकाता की घटना कोई अकेली त्रासदी नहीं है। देश में धार्मिक आयोजनों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ के अनियंत्रित दबाव के कारण अनेक दर्दनाक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनके आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या किसी एक राज्य, धर्म, मंदिर या प्रशासन तक सीमित नहीं है।

yugal.rahi@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
बी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615800, E-mail: delhi@mda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायलय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

403 सीटें हैं उत्तर प्रदेश में विधानसभा की। इनके लिए अगले साल चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा के पास वर्तमान में 257 विधायक हैं।

आजकल

युवा पीढ़ी का आध्यात्मिक रुझान

गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के दीनदयाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं के साथ मौजूद रहे और वहां वातावरण में 'श्रीराम जय राम', 'सीताराम' और 'राधे-राधे' जैसे भक्ति स्वर गूंजते सुनाई दिए। आखिर उस युवा पीढ़ी को भजन क्लबिंग में क्या मिल रहा है, जिसके बारे में मान लिया गया है कि उसकी दुनिया स्मार्टफोन, इंस्टाग्राम, डेटिंग एप, ओटीटी, वीडियो गेमिंग और नाइट-लाइफ के इर्दगिर्द निर्मित हो रही है? असल में भारत के परिदृश्य में घटित यह घटना युवा आध्यात्मिकता के कई संकेत दे रही है।



दिल्ली के दीनदयाल पार्क में आयोजित एक भजन क्लबिंग कार्यक्रम में युवाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फाइल

डा. संजय वर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर, बेनेट यूनिवर्सिटी

कुंभ मेलों जैसे धार्मिक समागम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले युवा इधर एक नए किस्म के आध्यात्मिक प्रयोग से रूबरू हो रहे हैं। देश में घटित हो रहा यह एक सांस्कृतिक प्रयोग है, जिसे नए आधुनिक नाम "भजन क्लबिंग" से संबोधित किया जा रहा है। इसमें नई परिघटना तब घटित होते हुए दिखाई दी, जब गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की राजधानी दिल्ली के दीनदयाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं के साथ मौजूद रहे और वहां वातावरण में 'श्रीराम जय राम', 'सीताराम' और 'राधे-राधे' जैसे भक्ति स्वर गूंजते सुनाई दिए। प्रधानमंत्री की उपस्थिति के कारण राष्ट्रीय चर्चा में आया भजन क्लबिंग का यह आयोजन सांकेतिक तौर पर राजनीतिक कार्यक्रम में तब्दील होता दिखाई दिया, लेकिन असल में भारत के परिदृश्य में घटित यह नई घटना युवा आध्यात्मिकता के कई संकेत दे रही है। विपक्ष इसे भजन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के परिहास से जोड़ सकता है, लेकिन राजनीतिक बहस से परे कहीं दिलचस्प प्रश्न ऐसे आयोजनों को लेकर मौजूद है कि आखिर उस युवा पीढ़ी को भजन क्लबिंग में क्या मिल रहा है, जिस पीढ़ी के बारे में मान लिया गया है कि उसकी दुनिया स्मार्टफोन, इंस्टाग्राम, डेटिंग एप, ओटीटी, वीडियो गेमिंग और नाइट-लाइफ के इर्दगिर्द निर्मित हो रही है?

भजन क्लबिंग के बारे में कोई धारणा बनाते समय अमूमन एक गलती "क्लबिंग" शब्द के कारण हो सकती है। भारत में सामूहिक भक्ति कोई नई चीज नहीं है। मंदिर का कीर्तन, गांव की चौपाल, बंगाल का संकीर्तन, महाराष्ट्र का अभंग, पंजाब का सबद, गुजरात का गरबा और उत्तर भारत की रामधुन-ये सभी भक्ति से ओतप्रोत संगीत, सामूहिकता और आध्यात्मिक अनुभवों का पारंपरिक अनुभव प्रदान करते हैं। इनमें एक दूसरे से जी अंतर है, वह मंच और माध्यमों का है। जैसे कि पारंपरिक भजन में हारमोनियम, मंजीरा, ढोलक और झाल थे, लेकिन नए आयोजनों में गिटार, इलेक्ट्रानिक बीट्स, शक्तिशाली साउंड सिस्टम और भव्य रोशनियों में जगमगाते मंच जुड़ गए हैं। यहां आस्था नहीं, आस्था की अभिव्यक्ति का व्याकरण ही बदला है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भजन क्लबिंग असल में, पारंपरिक भजन-कीर्तन का आधुनिक कंसर्ट या नाइट-क्लब जैसा अहसास देने वाला आयोजन है, संगीत और सामूहिक भक्ति जिसके केंद्र में है। इस फर्क को समझना जरूरी है। किसी भी विरासत या परंपरा को अगली पीढ़ी हूबहू ग्रहण नहीं करती है। वह उसे अपनी भाषा, तकनीक और सौंदर्यबोध के अनुरूप पुनर्गठित करती है। यदि ऐसा नहीं होता तो संस्कृति संग्रहालयों की वस्तु बनकर रह जाती है। जीवित संस्कृति की पहचान यही है कि उसका मूल स्वभाव बना रहता है, पर उसकी अभिव्यक्ति बदल जाती है। भजन क्लबिंग इसी प्रक्रिया की नवीन कड़ी है।

इस सांस्कृतिक घटनाक्रम को अगर प्रयागराज महाकुंभ, 2025 के आयोजन से जोड़कर देखें तो एक बड़ी तस्वीर दिखाई देती है। पिछले साल महाकुंभ में जेन-जी यानी वर्ष 1997-2012 के बीच जन्मी युवा पीढ़ी की उपस्थिति ने काफी चौंकाया था। बड़ी संख्या में युवा प्रयागराज ही नहीं, काशी और अयोध्या की ओर भी आकर्षित हुए। इस परिवर्तन के बारे में उपलब्ध यात्रा संबंधी आंकड़ों से भी युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी तक इस बदलाव को आसान व्याख्या इंटरनेट मीडिया से जुड़े फोमो फैक्टर यानी फीयर आफ मिसिंग आउट के रूप में होती रही है। इस व्याख्या से इन्कार नहीं किया जा सकता, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों में युवा कई आध्यात्मिक जिज्ञासाएं प्रकट करते दिखे हैं। जैसे, सनातन क्या है, साधु-न्यूनतम संसाधनों में कैसे रह लेते हैं, हठयोग क्या है और विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य अपने अंदर की स्थिरता कैसे हासिल कर सकता है। महाकुंभ में पहुंचे युवाओं की जिज्ञासाओं को केवल इंटरनेट-मीडिया का प्रदर्शन न मानकर भारतीय संस्कृति को नजदीक से जानने की वास्तविक इच्छा के रूप में देखा जाना चाहिए। यह ऐसी पीढ़ी है, जो भजन क्लबिंग-इन परिवर्तनकारी घटनाओं को एक दूसरे से अलग मानने के बजाय इन्हें एक सामाजिक निरंतरता के नजरिये से देखना उपयोगी होगा। महाकुंभ में युवा एक प्राचीन स्वरूप वाले आयोजन में आध्यात्मिक अनुभव की खोज में गए थे। भजन क्लबिंग में युवा वही अनुभव अपनी शहरी दुनिया के बीच लेने का प्रयास कर रहे हैं।

स्क्रीन-पीढ़ी की नई सामाजिकता: जेन-जी कहलाने वाली पीढ़ी के बारे में ज्यादातर चर्चा डिजिटल स्क्रीनों के संदर्भ में होती है। यह ऐसी पीढ़ी है, जिसकी सामाजिकता का बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यमों से निर्मित हुआ है। इस पीढ़ी में दोस्त आनलाइन हैं, मनोरंजन आनलाइन है, खरीदारी आनलाइन है, प्रेम और असहमति भी आनलाइन हैं, लेकिन इसी डिजिटल सुविधा ने एक विचित्र अभाव भी पैदा किया है-साथ होने का वास्तविक अहसास और अनुभव। इंटरनेट मीडिया व्यक्ति को हजारों लोगों से जोड़ सकता है, लेकिन जरूरी नहीं है कि वह उसे किसी समुदाय का हिस्सा होने की वास्तविक अनुभूति दे। ऐसी ही स्थितियों में महाकुंभ और भजन क्लबिंग जैसे आयोजनों का समाजशास्त्र रोचक हो जाता है। युवा यहां केवल भजन नहीं सुन रहे हैं। इसमें वे दूसरों के साथ बैठकर गा रहे हैं। ताल मिला रहे हैं। नाच रहे हैं। किसी साझा भाव में खुद को डूबे हुए महसूस कर रहे हैं। कह सकते हैं कि एल्गोरिदम से निजी बना दिए गए मनोरंजन से उकताए युवा फिर से सामूहिक अनुभव की ओर लौट रहे हैं। ईश्वरीय ने संगीत को निजी अनुभव बनाया था, लेकिन भजन क्लबिंग उसे दोबारा सामूहिक बना रही है। इंस्टाग्राम ने व्यक्ति को आत्म-प्रदर्शनकारी बनाया था, लेकिन भजन का सामूहिक गायन उसे कुछ समय के लिए सहभागी बना रहा है। यही कारण है कि इस नए ट्रेंड को केवल नाइट क्लब का भजन कह देना, इस बदलाव को बहुत संकीर्णता में देखना कहलाएगा।

अध्यात्म या नए किस्म का मनोरंजन: यहां एक अहम सवाल भी है जो भजन क्लबिंग के विस्तार की संभावनाओं और संकट के द्वंद्व को सामने लाता है। सवाल है कि क्या मंच पर एलईडी लाइट्स लगा देने, इलेक्ट्रानिक बीट्स पर कृष्ण या राम धुन गाने और उसकी रील बनाकर इंस्टाग्राम पर डाल देने मात्र से कोई व्यक्ति आध्यात्मिक हो जाता है? जवाब है-निश्चित रूप नहीं। असल में, आज की डिजिटल संस्कृति हर अनुभव को कंटेंट में बदल देने की अद्भुत क्षमता से लैस है। रेव्स में भोजन करने से पहले उसकी तस्वीर उतारना युवाओं का शगल है। यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान लोकेशन पोस्ट करना और किसी शानदार एवं सुंदर क्षण को जीते हुए स्मार्टफोन का कैमरा चालू करना युवाओं की दिनचर्या में शामिल है। ऐसे में अध्यात्म भी इंटरनेट मीडिया की उपस्थिति होते हैं। यदि भजन क्लबिंग आध्यात्मिकता के इन तीन बुनियादी सवालों तक पहुंचने का प्रवेश-द्वार बनती है तो उसका सामाजिक मूल्य कंसर्ट से कहीं बड़ा होगा। भजन क्लबिंग की कामयाबी की कसौटी यह होगी कि क्या वहां से लौटने वाला युवा कुछ देर के लिए ही सही, अपने भीतर के शोर को सुन सका? क्या सामूहिक संगीत ने उसे केवल उत्तेजना दी या आत्मसंवाद का मौका उपलब्ध कराया? क्या राम और कृष्ण उसके लिए केवल एक आकर्षक बीट के शब्द रह गए या उनसे जुड़ी मर्यादा, करुणा, कर्तव्य और संयम की अवधारणाओं ने भी उसे छुआ? यदि भारत की नई पीढ़ी आधुनिकता को साथ लेकर अपनी परंपरा तक पहुंचने का रास्ता बना रही है तो शायद भजन क्लबिंग अपने सबसे सार्थक अर्थ में प्रतिफलित हो रही है।

भजन क्लबिंग के आरंभिक चरण में होने वाला सामूहिक गायन किसी युवा को अध्यात्म के द्वार तक पहुंचा सकता है, लेकिन आगे की यात्रा उसके चिंतन की प्रक्रिया, अध्ययन, सेवा और अनुशासन से तय होगी। इसलिए ऐसे आयोजनों को केवल भव्य मंच तक सीमित रखने के बजाय उसमें छोटे संवाद-सत्र, भारतीय दर्शन और ग्रंथों को समझने के कार्यक्रम, योग-ध्यान, सामुदायिक सेवा और पर्यावरण जैसे सामाजिक सरोकार भी जोड़े जा सकते हैं।

भजन क्लबिंग का अगला चरण

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा मनुष्य को संसार छोड़ने का संदेश नहीं देती। गीता का केंद्रीय संवाद रणभूमि में है, आश्रम में नहीं। उसका आग्रह कर्म से पलायन का नहीं, कर्म की चेतना बदलने का है। इसलिए युवा आध्यात्मिकता का अर्थ केवल आंखें बंद कर लेना नहीं हो सकता। उसके सामने कुछ कठिन जिज्ञासाएं होनी चाहिए, जैसे कि मैं कौन हूं- इस सवाल से आगे, मैं दूसरों के प्रति कैसा हूं? सफलता मेरे लिए क्या है? उपभोग की सीमा क्या है? असफलता मुझे तोड़ क्यों देती है? मैं परिवार और समाज के प्रति कितना उत्तरदायी हूं? इस तरह तीन बुनियादी प्रश्न-जीवन के अर्थ, उसकी सार्थकता और जीवन के उद्देश्य के रूप में समूहिक अनुभव की ओर लौट रहे हैं।

खरी-खरी

देर आए दुरुस्त आए!

विश्वास व्यास

कहीं भी जाना हो, कोई काम करना हो, हमेशा देर कर देता हूं मैं। ऐसा नहीं है कि मैं वक्त पर कहीं नहीं पहुंच सकता। पर मैंने हमेशा बड़े-बुजुर्गों की बात को मान दिया है, जो कहते हैं "देर आए, दुरुस्त आए।" ट्रैफिक पुलिस भी "धीमे चलें, सुरक्षित पहुंचें" का अनुरोध करती है। धीमे चलकर जीत जाने वाले कछुए की कहानी से मैंने यही सीखा है। जल्दी जाने वाले सो जाते हैं, और आप तो जानते ही हैं कि "जो सोवत है, वो खोवत है।"

इसका पता मुझे दुनिया में आते ही चल गया था। मैं सात माह में पैदा हुआ और जल्दी पहुंचने की वजह से अपनी तंदुरुस्ती बिगाड़ बैठा। "काल करे सो आज कर" जैसी बातों से मेरी घोर असहमति है। यदि आदमी कल करने का काम आज कर लेगा, तो कल क्या करेगा? ऐसे तो किसी न किसी "कल" को मरना भी है... तो आदमी क्या आज ही निकल ले! बुजुर्ग तो "सब्र का फल मीठा होता है" की बात भी कह गए हैं। वैसे भी जल्दी का काम शैतान का होता है। इसीलिए जल्दी, शीघ्र, तुरंत, तत्काल जैसे शब्द मैंने अपने शब्दकोश से खारिज कर दिए हैं।

हर काम आराम से होना चाहिए, प्रकृति भी यही करती है। और देर से जाने का फायदा देखना हो, तो किसी कार्यक्रम में चलिए। कहीं भी जल्दी पहुंचने पर लोग समझने लगते हैं कि आप फुर्सत में हैं, आपको और कोई काम नहीं है, इसलिए सबसे पहले आ गए। जबकि देर से जाने पर लोग समझते हैं कि कोई बड़ा व्यस्त आदमी, आयोजक के छोटे से आग्रह पर अपना कीमती समय निकाल कर आया है। इस बात को हमारे नेतागणों से लेकर प्रोफेशनल अतिथियों तक, सब बड़े अच्छे से समझते हैं। जल्दी जाने में तो आपना वक्त ही खराब होता है। पहले पहुंचना और सबसे बाद तक रुकना। जबकि देर से आने वाला कम वक्त में उपस्थिति भी दर्ज करवाता है और उसे आयोजन की बौरियत भी कम झेलनी पड़ती है।

इसलिए समय की कद्र जरूर करो, लेकिन अपने समय की। परीक्षा परिणाम देर से आता है, सरकारी योजनाएं देर से पूरी होती हैं, न्याय देर से मिलता है और कभी-कभी समझ भी देर से आती है। क्योंकि सब जानते हैं कि देर आए, दुरुस्त आए।

पोस्ट

लाइक, शेयर एंड सब्सक्राइब के चक्कर में देश को गर्त में धकेला जा रहा है।
अरविंद चोटिया@arvindchotia

प्रोटेस्टर ही यूट्यूबर है और पत्रकार भी। ऐसा कैसे चलेगा? आखिर कौन रोलबाज है और कौन पत्रकार? यह अंतर कैसे पता चलेगा? पत्रकारिता और रीलबाजी के बीच की लकीर आखिर कहां है? कौन खींचेगा? हम किस दिशा में जा रहे हैं?
मौसमी सिंह@mausami2u

फ्रांस इसका स्पष्ट उदाहरण है कि हम भारत की सड़कों पर अराजकता को पनपने की कतई गुंजाइश नहीं दे सकते। यह सिलसिला अम्मन बेहद मामूली मांगों से शुरू होकर देश की तबाही पर ही खत्म होता है।
ईशकरण सिंह भंडारी@ishkarnBHANDARI

फ्रांस में जो हो रहा है वह सिर्फ उपद्रव नहीं, बल्कि एक बड़ी चेतावनी है। जब प्रदर्शन की आड़ में अराजकता के मंसूबे हावी हो जाएं, तो इसकी कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ती है। जनता भी सचेत होकर ऐसे तत्वों का पुरजोर विरोध करे।
तऊ रामफल@raamphall

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या आईडीबीआइ बैंक में हिस्सेदारी बेचने का सरकार का फैसला सही है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल हादसा प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

मस्क हड़पना चाहते भारत का संचार,
इनका वश चल जाय तो होगा बंटाधार।
होगा बंटाधार मिलेगा तगड़ा धोखा,
बहुतै सोच-विचार दीजिए उनको मौका।
धरती से आकाश तलक कब्जे का सपना,
चाह रहे संचार समूचा मस्क हड़पना!
-ओम प्रकाश तिवारी

उत्तर प्रदेश डायरी

दलबदल, नैरेटिव और वोटर लिस्ट पर जंग

अजय जायसवाल
उप राजनीतिक संपादक, उप्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को अयोध्या से चुनाव लड़ने की दी चुनौती। फाइल

विधानसभा चुनाव अभी दूर है, पर उत्तर प्रदेश में चुनावी मनोविज्ञान पर कब्जे की लड़ाई एक नहीं, बल्कि तीन मोर्चों पर शुरू हो चुकी है। पहला, दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में लाकर सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने की कोशिश। दूसरा, जनता के बीच अपनी राजनीतिक कहानी को प्रभावी बनाने की होड़। तीसरा, मतदाता सूची के पुनरीक्षण से पहले बूथ स्तर पर पकड़ मजबूत करने की कवायद। ये तीनों मोर्चे एक-दूसरे से जुड़े हैं। पार्टियां अब केवल चुनावी मुद्दे नहीं चुन रहीं, जीत की जमीन भी तैयार करना चाहती हैं। दल बदल का उद्देश्य केवल संख्या बढ़ाना नहीं, नैरेटिव का मकसद केवल विरोधी पर हमला करना नहीं और मतदाता सूची की निगरानी महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं रह गई है। इन तीनों के केंद्र में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने पक्ष में माहौल बनाने और प्रतिद्वंद्वी की बढ़त रोकने की कोशिश है। ऐसे में साफ है कि चुनावी मुकाबला तीन स्तरों पर ही केंद्रित रहेगा, किसके साथ कौन है, जनता किसकी बात मानती है और मतदान के दिन किसका समर्थक बोट डालने पहुंचता है?

14 अक्टूबर को सपा के तीन बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाईगंज) और विनीद चतुर्वेदी (कालपी) भाजपा में शामिल हुए। तीनों ने 2024 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में क्रास वोटिंग की थी। भाजपा में उनका प्रवेश केवल तीन विधायकों की संख्या बढ़ने की घटना नहीं है, बल्कि इससे पार्टी को अवध और बुंदेलखंड में स्थानीय राजनीतिक संपर्कों को अपने पक्ष में इस्तेमाल करने का अवसर मिला है। वहीं, इन तीन विधायकों के साथ क्रास वोटिंग करने वाले विधायक मनोज कुमार पांडेय प्रदेश सरकार में मंत्री बन चुके हैं, विधायक पूजा पाल भाजपा की पदाधिकारी हैं। वहीं, 15-16 अक्टूबर को सपा ने भी अपना कुनबा बढ़ाया। अलग-अलग क्षेत्रों के भाजपा, बसपा सहित अन्य दलों के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद एवं विधायक, उनके स्वजन से लेकर पदाधिकारियों तक दो दर्जन से अधिक नेताओं को शामिल किया गया। सपा ने इनसे अपने सामाजिक और क्षेत्रीय विस्तार का संदेश दिया। दोनों दलों की कोशिश इसके सहारे खुद को चुनावी लड़ाई में आगे दिखाने की भी है। हालांकि, दलबदल का असली चुनावी गणित थोड़ा पेचीदा है। किसी प्रभावशाली चेहरे के आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह पैदा हो सकता है, पर मतदाता नया नेता स्वीकार कर लेगा, यह जरूरी नहीं।

दलबदल की सरगर्मियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती देकर नई चर्चा छेड़ी। मुख्यमंत्री ने भी चुनौती घुमाते हुए अखिलेश को भी वहीं से मुकाबले में उतरने का न्यौता दे दिया। वहीं, मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश को जहूराबाद से लड़ने और एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्यमंत्री को संभल एवं सपा प्रमुख को गोरखपुर से लड़ने की चुनौती दी। इससे यह बहस राम मंदिर, विकास, कानून-व्यवस्था, सपा के पीडीए समीकरण से लेकर मुस्लिमों की राजनीति तक पहुंच गई। भाजपा इस बहस में अयोध्या के विकास और धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को अपनी उपलब्धियों से जोड़ रही है। साथ ही सपा सरकार के कार्यकाल को कानून-व्यवस्था और कथित तुष्टीकरण के सवालों पर घेरने की रणनीति दिख रही है। इसके लिए ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा के पाप का घड़ा शीर्षक वाले घड़े को तोड़कर 34 सवाल उठाए और सियासी संदेश देने की कोशिश की। अखिलेश ने भी काले घड़े से पलटवार करते कहा कि भाजपा के पाप के घड़े भर गए हैं, जिनको जनता वोट से फोड़ेगी। इसके साथ सपा बेरोजगारी, महंगाई, भर्ती प्रक्रिया और सामाजिक प्रतिनिधित्व के मुद्दों को सामने रखकर सरकार के विकास संबंधी दावों पर सवाल उठा रही है। कोशिश दोनों ओर से अपने-अपने नैरेटिव को मजबूत करने की है। हालांकि, चुनावी लाभ इस बात पर निर्भर करेगा कि वह मतदाताओं के मन में नेतृत्व, भरोसे और भविष्य की सरकार की कैसी तस्वीर बनाता है?

इस बीच मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की भी शुरुआत हुई और राजनीतिक दल सक्रिय हुए। अखिलेश ने 19.20 लाख फर्जी मतदाता बनाने का आरोप लगाया। सपा ने 100 विधानसभा क्षेत्रों में एक लाख फर्जी मतदाता होने की लिखित शिकायत भी आयोग से की। सपा की कोशिश अपने कार्यकर्ताओं को बूथों पर सक्रिय करने के साथ जनता के बीच भाजपा के विरुद्ध माहौल बनाने की भी है। यह भी अहम बात है कि सपा के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की ओर से फिलहाल कोई अधिकृत स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया। एक ओर विपक्ष मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को राजनीतिक मुद्दा बना रहा है तो दूसरी ओर भाजपा के लिए अपने समर्थक मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना और नए मतदाताओं तक पहुंचना जरूरी होगा। हालांकि, चुनावी लड़ाई में लाभ की संभावना उसके लिए ही होगी, जो सामाजिक समर्थन का विस्तार, जनता के बीच भरोसेमंद नैरेटिव और बूथ पर मतदाता की वास्तविक मौजूदगी के मोर्चे पर आगे रहेगा। फिलहाल, सियासी बिसात बिछ रही है, जीत की दिशा तय करने वाली चालें अभी बाकी हैं।

छत्तीसगढ़ डायरी

नामांकन, बटांकन और सीमांकन का जाल

सतीश चंद्र श्रीवास्तव
संपादकीय प्रभारी, नईदुनिया, रायपुर

प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में शुक्रवार को स्पष्ट हो गया कि राजस्व विभाग में नामांकन, बटांकन और सीमांकन के जाल को तोड़ना आसान नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार के दौरान गांव-गांव का दौरा रहा हो या सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायतों का मामला, संकेतक लगभग एक जैसे ही हैं। इधर, आनलाइन व्यवस्था में आंकड़ों और सूचनाओं की उपलब्धता तो आसान हो गई है, लेकिन विश्लेषणकर्ताओं की बाजीगरी पर पारखी नजर रखने की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। शिकायतों के निपटारे के गलत तर्कों से सरकार की साख दांव पर लगने का खतरा भी सामने आ रहा है। वह अवश्य नजर आने लगा है कि सुशासन के लक्ष्य की प्राप्ति में सात विभागों का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण है।

जून 2026 में शुरू हुई सीएम हेल्पलाइन में सवा दो लाख से अधिक शिकायतें दर्ज होना और दो लाख से अधिक का निपटारा होना सतत प्रक्रिया का सकारात्मक संकेत है। साथ ही, बिना काम किए काम पूरा होने की गलत सूचना देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की चुनौती भी उत्पन्न हो गई है। दो जिलों में तहसीलदार जांच और कार्रवाई के दायरे में आए हैं तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीक्षण एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित 13 अधिकारियों का जांच के दायरे में आना बता रहा है कि आनलाइन व्यवस्था में पारदर्शिता के साथ जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जा सकती है। मुख्य सचिव विकास शील और जन शिकायतों की निगरानी करने वाले मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है।

सहज रूप से ज्ञात है कि न्यायालय जाने से पहले लोग कार्यालयों में भटकते हैं, शिकायतें करते हैं और जमीन पर कब्जे के लिए लड़ाई-झगड़े भी होते हैं। तहसीलदार-पटवारी जानते हैं कि मामला जितने समय तक लटकता है, उसका वजन और भाव उतना ही बढ़ता है। न्यायालयों में राजस्व विभाग के एक लाख से अधिक लंबित मामले चर्चा में हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री की समीक्षा के दौरान आंकड़ों के खेल से बात आगे बढ़ी। मुख्यमंत्री साय ने जिलाधिकारियों को संदेश दिया है कि राजस्व प्रकरणों को सही तरीके से निपटाने में भी रुचि दिखाएं। कार्रवाई की जद में भले ही तहसीलदार हों, लेकिन जिम्मेदार उनके संरक्षक ही हैं।

चर्चा ने इसलिए भी गंभीर रूप ले लिया है कि इसी वर्ष मई और जून में तीखी धूप और गर्मी के बीच मुख्यमंत्री साय सुशासन तिहार के तहत विभिन्न जिलों में चौपालों पर आम लोगों से मिल रहे थे। वर्ष 2025 के मुकाबले आवेदनों और शिकायतों की संख्या 41 लाख से घटकर साढ़े सात लाख रह गई, परंतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा, खाद्य, महिला एवं बाल कल्याण तथा लोक निर्माण विभाग शीर्ष सात चुनौतियों के रूप में बने हुए हैं।

स्मृति इरानी का इंजन : भाजपा के नेताओं को उम्मीद है कि नई प्रदेश प्रभारी के स्वागत का इंतजार इस सप्ताह समाप्त हो जाएगा। 25 अक्टूबर से स्मृति इरानी का प्रदेश की धरती पर प्रभावशाली पदार्पण संभावित है। उसके बाद परिणामों पर भी नजर रहेगी। परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मंत्रिमंडल तक में बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

कांग्रेस के सूत्रधार : प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद सुखदेव भगत दो बार दौरा कर चुके हैं। पड़ोसी राज्य झारखंड के लोहरदगा से सांसद सुखदेव की सक्रियता ने कांग्रेसी आयोजनों को गति भी दी है। बोट से लेकर बिजली बिल तक के मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत का प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के साथ अच्छा तालमेल होना तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम का प्रभारी बनाया जाना केंद्रीय नेतृत्व का रणनीतिक प्रयास भले ही हो, लेकिन अलग-अलग धाराओं की गुटबाजी भी कार्यकर्ता स्तर पर चर्चा में है। ऐसे में नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के लिए तालमेल बैठाना चुनौतीपूर्ण बना रहेगा।

सीजीपीएससी वेयरमैन की तलाश: टामन ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के टामन में इतने दांत लगाए हैं कि योग्य अध्यर्थी की नियुक्ति ही चुनौती बन गई है। वर्ष 2021 के पीएससी घोटाले के कारण चर्चित पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी अपने रिश्तेदारों के साथ अन्य अधिकारियों, नेताओं और कारोबारियों के बच्चों के सीधे पीसीएस अधिकारी बनाने के आरोप में वर्तमान में जेल में हैं। अक्टूबर 2023 में टामन को हटाए जाने के बाद डा. प्रवीण शर्मा अगस्त 2025 तक कार्यकारी अध्यक्ष रहे। पूर्णकालिक अध्यक्ष रीता शांडिल्य का कार्यकाल भी सितंबर महीने में ही पूरा हो चुका है परंतु विकल्प चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। सीजीपीएससी के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों और अन्य कार्यों पर इसके प्रभाव को भी समझा जा सकता है।



विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़। फाइल

सितंबर में लगातार दूसरे माह घटा रूस से तेल आयात

नई दिल्ली: सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात सितंबर में 13 प्रतिशत घटा है। यह लगातार दूसरी मासिक गिरावट है और अप्रैल के बाद का सबसे निचला स्तर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत पिछले महीने रूस का दूसरा सबसे बड़ा जीवाश्म ईंधन खरीदार रहा है और इसने 4.1 अरब यूरो मूल्य के हाइड्रोकार्बन उत्पाद आयात किए हैं। इसमें 88 प्रतिशत कच्चा तेल था। (आइएएनएस)



सरकार निर्यातकों को उनकी फैक्टरियों में उत्पादों की इन-हाउस टेस्टिंग सुविधाएं स्थापित करने में मदद करे। इससे प्रमाणन प्रक्रिया तेज होगी और समय पर निर्यात सुनिश्चित हो सकेगा।
- एसरी रत्नम, प्रेसिडेंट, फियो

दशहरा पर इन वित्तीय बुराइयों का करें अंत, जीवन में आएंगी खुशियां

कल पूरे देश में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसे बुराइयों पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक महत्व के अलावा यह पर्व लोगों को अपनी उन वित्तीय आदतों का अंत करने का मौका देता है, जो शायद उनकी दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति और समृद्धि में बाधा बन रही हैं। उप समाचार संपादक **मनोज कुमार** बता रहे हैं कि किन वित्तीय आदतों का अंत करके आप भी अपने जीवन में खुशियां ला सकते हैं।



बीमा जरूरतों को नजरअंदाज करना

इस समय बेहतर इलाज कराना काफी महंगा हो गया है। ऐसे में कोई गंभीर बीमार किसी व्यक्ति और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकती है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए आप पर्याप्त स्वास्थ्य और वित्तीय बीमा लेने में देरी ना करें। इस त्योहारी सीजन में अपने बीमा कवरेज की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि यह आपकी व आप पर निर्भर लोगों की जरूरत के हिसाब से रही है। इससे आपको आपात स्थिति के समय अनचाहा कर्ज लेने से मुक्ति मिलेगी।



बिना जरूरत सामान खरीदना

त्योहारी सीजन के दौरान अक्सर कंपनियां लोगों को लुभाने के लिए तमाम तरह की छूट देती हैं। साथ ही क्रेडिट कार्ड से खरीद पर भी विभिन्न आफर मिलते हैं। इस प्रकार की छूट लोगों को सोचे-समझे खरीदारी करने और गलत वित्तीय फैसलों के लिए प्रेरित कर सकती है। ऐसी स्थिति से बचने और समझदारी से काम लेने के लिए आप सबसे पहले अपने खर्च की एक सीमा तय करें। अपनी जरूरतों पर ध्यान दें। केवल इसलिए कोई सामान न खरीदें कि वह सेल में किफायती कीमतों पर मिल रहा है, भले ही वह आपके काम हो या ना हो।

गैर-जरूरी कर्ज लेना

कई बार लोग दूसरों को देखकर या अपनी जीवनशैली के लिए अनावश्यक चीजों की कर्ज पर खरीदारी कर लेते हैं। ऐसी किसी भी वस्तु या सेवा के लिए बहुत अधिक कर्ज न लें, जो बहुत जरूरी न हो। खासतौर पर ऐसी वस्तुएं न खरीदें जिनके लिए आपकी आर्थिक स्थिति इजाजत नहीं देती हो। क्रेडिट कार्ड के कर्ज जैसे ऊंचे ब्याज वाले लोन आपके मासिक बजट पर भारी पड़ सकते हैं। इस तरह का कर्ज आपके क्रेडिट स्कोर या क्रेडिट प्रोफाइल पर भी बुरा असर डाल सकता है, जिससे भविष्य में लोन मिलना मुश्किल हो जाता है।

बचत और निवेश में देरी करना

अच्छा जीवन जीने और करियर में अच्छी प्रगति के लिए पैसों की बचत करना जरूरी है। बचत को टालने से लंबी अवधि के वित्तीय लक्ष्यों पर असर पड़ सकता है। इसलिए नियमित रूप से कुछ पैसे बचाना सुनिश्चित करें। त्योहारों के दौरान भी बचत जारी रखें। इस बचत को अच्छी जगह निवेश भी करें ताकि बेहतर रिटर्न मिल सके। गैर-जरूरी खर्चों को बढ़ाने से पहले एक आपात कोष भी जरूर तैयार कर लें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कर्ज से बचा जा सके।



शेयर बाजारों में बार-बार दांव लगाना

कम समय में ज्यादा लाभ या बहुत सारा पैसा बनाने हर किसी को अच्छा लग सकता है। इसके लिए शेयर बाजार में बार-बार ट्रेडिंग करने या जोखिम भरे दांव लगाने से बचें। ऐसा करने से आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। इसके बजाय प्रमाणित वित्तीय सलाहकार या पेशेवर से सलाह लेकर निवेश करें। अपने दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और समय-सीमा को ध्यान में रखकर निवेश योजना बनाएं।

इंटरनेट मीडिया की सलाह पर निवेश करना

इन दिनों इंटरनेट मीडिया का काफी विस्तार हो रहा है। इसके साथ ही, इन प्लेटफार्म्स पर निवेश सलाह देने वालों की बाढ़ सी आ गई है। ध्यान रखें कि इंटरनेट मीडिया पर स्टाक सिफारिशों या जल्दी रिटर्न के वादे भ्रामक हो सकते हैं। ऐसी सिफारिशों के आधार पर निवेश करने से वित्तीय नुकसान हो सकता है। इस त्योहारी सीजन में ऐसी सिफारिशों के झांसे से बचें। किसी भी प्रकार के निवेश से पहले अच्छी तरह पड़ताल करें। जोखिमों का आकलन करें। जरूरी हो तो वित्तीय सलाहकारों से परामर्श लें।

जागरण इन्फो

अक्टूबर में एफपीआइ ने 52 हजार करोड़ निकाले

नई दिल्ली, प्रेट्र: वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी जारी है और अक्टूबर के पहले पखवाड़े में एफपीआइ शेयरों से 52,100 रुपये निकाल चुके हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी बांड यील्ड (रिटर्न) में बढ़ोतरी और डालर की मजबूती के चलते एफपीआइ भारत से निकासी के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष सितंबर में एफपीआइ ने 35,861 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इससे पहले अगस्त में 29,631 करोड़ और जुलाई में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। ताजा बिकवाली के बाद कैलेंडर वर्ष 2026 में भारतीय शेयरों से एफपीआइ की कुल निकासी 3.12 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह 2025 में पूरे साल में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है।

चवाइस वेल्थ के मुख्य निवेश रणनीति अधिकारी धीरज गौर का कहना है कि अमेरिकी बांड यील्ड ऊंचा रहने, डालर मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के कारण एफपीआइ भारतीय शेयर बेच रहे हैं। अमेरिका में महंगाई लगातार ऊंची रहने से फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाए जाने की उम्मीद बढ़ी है। इससे अमेरिकी संपत्तियां विदेशी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक हुई हैं। महंगा कच्चा तेल भी भारत पर आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है, जबकि उत्तर एशियाई बाजारों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से आई तेजी विदेशी निवेश को घरेलू शेयरों से दूर खींच रही है।

सितंबर के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने वित्तीय सेवा और तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों की सबसे अधिक बिकवाली की है। वहीं, डिजिटल प्लेटफार्म, मनोरंजन, रेस्तरा, स्वास्थ्य सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं देने वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश किया है।

3.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची एफपीआइ की कुल निकासी 2026 में

1.66 लाख करोड़ रुपये की कुल निकासी की थी पूरे वर्ष 2025 में



निकासी के प्रमुख कारण

- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी
- अमेरिकी बांड यील्ड में वृद्धि
- डालर में मजबूती
- एशियाई बाजारों में एआइ में तेजी

सरकारी बांड से भी हो रही निकासी

एफपीआइ शेयरों के अलावा सरकारी बांड से भी निकासी कर रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के अनुसार, अक्टूबर में अब तक एफपीआइ सरकारी बांड या फुली एक्सेसबल रूट (एफएआर) वाले डेट से 1,620 करोड़ रुपये की निकासी की थी। सितंबर में इस श्रेणी से 10,431 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, सामान्य सीमा वाले डेट में एफपीआइ इस महीने में अब तक 3,387 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं, जबकि सितंबर में 5,247 करोड़ निकाले थे।

बीते सप्ताह की स्थिति

12 अक्टूबर	-3,251.04
13 अक्टूबर	2,000.73
14 अक्टूबर	-1,436.41
15 अक्टूबर	-1,102.13
16 अक्टूबर	-4,145.84

(नोट: राशि करोड़ रुपये में।
स्रोत: एनएसडीएल)

चीनी की चिंता में बदली एथनाल खरीद की नीति

गन्ने के रस, चीनी सिरप और बी-हैवी शीरा से बना एथनाल नहीं खरीद सकेंगी सरकारी तेल कंपनियां

अदिति तिवारी ● जागरण

- तेल कंपनियों ने 1,100 करोड़ लीटर एथनाल खरीदने की निविदा जारी की
- अलग-अलग राज्यों में गन्ने की पैदावार प्रभावित होने की आशंका

नई दिल्ली: चीनी की कीमतों पर नियंत्रण एवं घरेलू बाजार में उपलब्धता बनाए रखने के लिए सरकार ने एथनाल खरीद नीति में बदलाव किया है। अब सरकारी तेल कंपनियां गन्ने के रस, चीनी के सिरप एवं बी-हैवी शीरे से बने एथनाल की खरीद नहीं कर सकेंगी। सरकार का उद्देश्य गन्ने का ज्यादा हिस्सा चीनी उत्पादन के लिए उपलब्ध कराना है। पिछले वर्ष 29 लाख टन चीनी का इस्तेमाल एथनाल बनाने में किया गया था। बीते एक महीने में चीनी के भाव में बहुत तेज वृद्धि हुई है।

तेल विपणन कंपनियों ने दो दिन पहले 1,100 करोड़ लीटर एथनाल खरीदने की निविदा जारी की है, जिसमें गन्ने के रस, चीनी के सिरप और बी-हैवी शीरे से बने एथनाल खरीद के प्रस्ताव शामिल नहीं हैं। वहीं, मक्का, टूटा अनाज, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) से खरीदे जाने वाले अतिरिक्त चावल और सी-हैवी शीरे से बने एथनाल की खरीद का रास्ता खुला रखा गया है। सी-हैवी शीरा चीनी बनाने की प्रक्रिया में बचने वाला एक उप-उत्पाद है, जिसमें चीनी की मात्रा न्यूनतम होती है। इसलिए इसके इस्तेमाल से चीनी उपलब्धता में कोई खास कमी नहीं आती है। जाहिर है कि सरकार एथनाल कार्यक्रम को रोकने के बजाय उसके लिए कच्चे माल के इस्तेमाल का संतुलन बदलना चाहती है।



अलग-अलग राज्यों में गन्ने की खेती बुरी तरह प्रभावित हुई है। उत्तर प्रदेश और बिहार के कई इलाकों में बाढ़ के साथ रोगों एवं कीटों के प्रकोप के चलते गन्ने की पैदावार प्रभावित हो सकती है। ऐसे में चीनी उत्पादन में गिरावट आने का खतरा है। देश में हर साल चीनी की खपत करीब 300 लाख टन है। इस वर्ष उत्पादन का अनुमान करीब 280 लाख टन है। इस अंतर को कम करने के लिए एहतियाती कदम जरूरी है।

पेट्रोल में किया जाता है एथनाल का मिश्रण

पिछले कई वर्षों से पेट्रोल में एथनाल मिलाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटे और विदेशी मुद्रा की बचत हो। ऐसे में चीनी उत्पादन के लिए गन्ना बचाने के साथ ही एथनाल की आपूर्ति बनाए रखना भी जरूरी होगा। हालांकि, अनाज आधारित एथनाल की आपूर्ति बढ़ाना भी खतरे से खाली नहीं होगा। मक्का और चावल की मांग बढ़ने पर खाद्य सुरक्षा एवं पशुधारी की उपलब्धता पर दबाव पड़ सकता है। इसलिए एथनाल के लिए अनाज का इस्तेमाल बढ़ाने से सरकार को खाद्य सुरक्षा और ईंधन की जरूरतों के बीच संतुलन रखना होगा।



चीनी मिलों की कमाई पर पड़ सकता है असर

नीति में बदलाव का सीधा असर चीनी मिलों की कमाई पर भी पड़ सकता है। गन्ने के रस और बी-हैवी शीरे से एथनाल बनाने की व्यवस्था रखने वाली मिलों को अपने उत्पादन एवं बिक्री की योजना में बदलाव लाना पड़ सकता है। जाहिर है, सरकार के सामने दोहरी चुनौती है। चीनी की कीमतों में तेजी रोकने के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी है और साथ ही पेट्रोल में एथनाल मिलाने के कार्यक्रम के लिए जरूरी ईंधन भी उपलब्ध कराना है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए रहेंगे कनेक्ट करें या क्लिक करें jagran.com

एयरटेल ने सिर्फ वायस कालिंग के लिए पेश किए प्रीपेड प्लान

नई दिल्ली, प्रेट्र: दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने केवल वायस कालिंग और एसएमएस वाले तीन नए प्रीपेड प्लान पेश किए हैं और पैसा कमाने वाली पहली कंपनी बन गई है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी ने दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नए नियमों के तहत यह प्लान पेश किए हैं।

इन प्लान का मूल्य 185 रुपये, 203 रुपये और 206 रुपये रखा गया है। इनमें स्थानीय, एसटीडी और रोमिंग पर असीमित फोन सुविधा तथा 300 एसएमएस मिलेंगे, लेकिन मोबाइल डेटा शामिल नहीं है। ये प्लान एयरटेल के एप और वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

185 रुपये वाले प्लान की अवधि 28 दिन और 203 रुपये व 206 रुपये वाले प्लान की अवधि 30 दिन है। इसी वर्ष सितंबर में ट्राई ने सभी दूरसंचार कंपनियों को बिना डाटा वाले वायस फोन और एसएमएस के लिए कम कीमत के विशेष टैरिफ बाउचर जारी करने के निर्देश दिए थे।

राष्ट्रीय फलक

लखनऊ में हाई कोर्ट आकर श्रद्धा दुबे फिर फरार, डीसीपी हटाए गए

जागरण संवाददाता, लखनऊ

- श्रद्धा समेत तीनों आरोपितों पर इनाम बढ़कर 50 हजार रुपये किया गया
- बुर्का पहनकर नेपाल से गोरखपुर आने की पुष्टि, पुलिस ने तेज की दबिश

कैफे संचालक शिवा शर्मा हत्याकांड में फरार चल रहीं श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि और तनवीर उर्फ दानिश नेपाल से सोनौली बार्डर से निकलकर लखनऊ में हाई कोर्ट आए और फिर फरार हो गए, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। श्रद्धा यहां थोड़ी देर के लिए रुकी। हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ता ने कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। इसके बाद एक्सप्रेसवे से आगरा और वहां से सहारनपुर जा पहुंचीं। आठ दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर डीसीपी मध्य विक्रांत वीर को हटाकर मुख्यालय से संबद्ध करने के साथ ही इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस ने रविवार को श्रद्धा समेत तीनों आरोपितों पर इनाम की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। कार्रवाई के बाद भी फिलहाल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में शामिल हैं। पुलिस की टीमें लगातार फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस के मुताबिक, श्रद्धा के बुर्का पहनकर गोरखपुर पहुंचने की पुष्टि हो गई थी। टीम उसकी लोकेशन का पीछा करते हुए वहां तक पहुंची, लेकिन वह हाथ नहीं लगीं।

उधर, रविवार देर शाम एक समाचार एजेंसी से श्रद्धा की बातचीत का वीडियो सामने आया, जिसमें उसने खुद को बेकसूर बताया। इस बार भी उसने घटना को आत्महत्या करार देते हुए वही बातें दोहराईं, जो इससे पहले नेपाल से जारी वीडियो में कही थीं।

उसके बयान के बाद मामले में आरोपित पक्ष की ओर से सामने रखे जा रहे दावों और पुलिस की जांच के बीच टकराव बढ़ गया है। हालांकि, श्रद्धा के दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

हापुड़ में कार के दरवाजों में गुप्त खाना, अंदर छिपा रखे थे 2.65 करोड़ रुपये

जागरण संवाददाता, हापुड़

- छिजारसी टोल पर डीआरआइ ने पकड़ी तीन करोड़ की नकदी, शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही थी कार
- नेपाल सीमा से लाई गई रकम को यूपी-उत्तराखंड चुनाव में खपाने की आशंका

कार के दरवाजों में बनाए गए गुप्त खाने और उनमें छिपाकर रखे गए करीब 3 करोड़ रुपये। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर छिजारसी टोल के पास राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआइ) की टीम ने एक कार से तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही कार में 35 लाख रुपये बैग में रखे थे, जबकि 2.65 करोड़ रुपये दरवाजों में बनाए गए विशेष गुप्त खानों में छिपाए गए थे। कार सवार नकदी के संबंध में कोई संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। इसके बाद नकदी को गाजियाबाद आयकर विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया गया। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, डीआरआइ- राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम को कार में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने 17 अक्टूबर को कार का पीछा किया और छिजारसी टोल के पास उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान पहले एक बैग से 35 लाख रुपये मिले। गोपनीय जानकारी के आधार पर इसके बाद कार की गहन जांच की गई तो दरवाजों में गुप्त खाने बनाए जाने का पता चला। इन खानों को खोलने पर 2.65 करोड़ की नकदी बरामद हुई। कुल बरामद रकम तीन करोड़ रुपये बताई गई है।

नेपाल सीमा से नकदी लाने की आशंका : जांच एजेंसियों को आशंका है कि नकदी नेपाल सीमा के रास्ते लाई गई थी। इसके बाद इसे उप्र व उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान खपाने की योजना हो सकती है। हालांकि, नकदी के चुनावी इस्तेमाल और नेपाल सीमा से इसके लाए जाने की आशंका की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आयकर विभाग खंगालेगा नकदी का स्रोत

सूत्रों के अनुसार कार सवारों से बरामद रकम के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वह नकदी का संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। इसके बाद डीआरआइ की टीम ने नकदी गाजियाबाद आयकर विभाग को सौंप दी। अब आयकर विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि रकम किसकी है, कहां से आई और इसे दिल्ली क्यों ले जाया जा रहा था। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी आम रिकार्ड बोलने से बच रहे हैं।

जोमैटो ने पनीर टिक्का के बदले भेज दी चिकन बिरयानी

नईदुनिया, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नवरात्र के दौरान जोमैटो से पनीर टिक्का बिरयानी की जगह शाकाहारी परिवार को चिकन बिरयानी भेज दी। भोजन करते समय चावल में चिकन के टुकड़े मिलने पर परिवार हैरान रह गया। युवती के पिता के अनुसार, उनका परिवार शुद्ध शाकाहारी है और उनकी बेटी ने कभी मांसाहार नहीं किया। इसके बाद बेटी ने खाना-पीना छोड़ दिया है। घटना से आहत परिवार ने होटल ग्रैंड गुलमोहर का लाइसेंस रद करने की मांग की है।

बता दें कि बिलासपुर निवासी प्रज्ञा बैसवाड़े ने शनिवार दोपहर 2:48 बजे जोमैटो के माध्यम से 445 रुपये देकर होटल ग्रैंड गुलमोहर से पनीर टिक्का बिरयानी का आनलाइन आर्डर किया था। परिवार ने बिल, आर्डर और भोजन से जुड़े साक्ष्य सुरक्षित रखे हैं। स्वजन का कहना है कि शिकायत पर होटल प्रबंधन ने क्षमा मांगी है। परिवार ने होटल की रसोई में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की तैयारी तथा पैकिंग के लिए अलग व्यवस्था न होने पर भी सवाल उठाया है। इधर, होटल के मैनेजर ने इसे डिलीवरी ब्वाय की चूक बताया है।



पनीर टिक्का बिरयानी की जगह निकली चिकन बिरयानी। स्रोत: स्वयं

विमान में सातवीं की छात्रा ने कही बम होने की बात, मचा हड़कंप

हैदराबाद, प्रेट्र : अहमदाबाद से हैदराबाद आ रहे एक विमान में लड़की द्वारा कथित तौर पर बम होने की बात कहे जाने के बाद हड़कंप मच गया। इसके बाद हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (आरजीआइए) हवाई अड्डे पर सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया। हालांकि, बाद में पाया गया कि छात्रा ने बिना सोचे-समझे यह बात कही थी।

सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा अन्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ शनिवार को स्कूल की 'ट्रिप' से हैदराबाद लौट रही थी। उसने एक सहपाठी से कहा कि विमान में बम है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह सुनने के बाद चालक दल के एक सदस्य ने पायलट को जानकारी दी। हैदराबाद में उतरने के बाद सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत विमान की गहन जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारी ने कहा कि छात्रा नाबालिग है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। उसके शिक्षकों ने उसे समझाया है।

रामनगर की रामलीला में हाथी बेकाबू, मंचन स्थगित

जागरण संवाददाता, वाराणसी

- 13 साल से देखभाल कर रहे महावत को पटककर घायल किया, बिजली के खंभे और दुकानें तोड़ीं

यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल रामनगर की रामलीला में रविवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पंचवटी मैदान में रामलीला के लिए लाए गए चार हाथियों में से एक बेकाबू हो गया।

वह आसपास की चीजों को उठाकर फेंकने लगा। लोग जान बचाकर भागने लगे। हाथी ने उसे 13 वर्ष से संभाल रहे महावत छापलू को सूंड से उठाकर पटक दिया। पैरों से कुचलने का भी प्रयास किया। महावत को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसे 50 टांके लगे हैं। पुलिस, वन विभाग और एनडीआरएफ की करीब 200 लोगों की टीम ने हाथी को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक सफलता नहीं मिली। इसके चलते रामलीला नहीं हो सकी। राम और रावण युद्ध का मंचन स्थगित करना पड़ा। हाथी को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने के लिए गोरखपुर से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। देर रात तक पांच हाथियों की खाना देने जा रहा था, तभी



वाराणसी : रामनगर में बेकाबू हुए हाथी को काबू करने का प्रयास करता महावत। जागरण

सदस्यीय टीम जाइलाजीन इंजेक्शन देकर हाथी को बेहोश करने की तैयारी में जुटी थी। रामलीला के लिए आजमगढ़ से चार हाथी लाए गए हैं। रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे महावत छापलू उनमें से एक हाथी मस्तक बेकाबू हो गया। उसने छापलू को जमीन पर पटक दिया। उसका पैर टूट गया, सिर व सीने में भी चोटें आईं। हाथी ने तीन दुकानों, तीन टिन शेड और बिजली के चार खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया। खंभे गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पुलिस ने पंचवटी से लंका मार्ग बंद करा दिया। एनडीआरएफ और वाराणसी वन विभाग की टीम ने हाथी को रोकने के लिए कटिदार लोहे के उपकरण भी लगाए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

दूसरे महावत की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा : हाथी पंचवटी मैदान से रामनगर की ओर बढ़ने लगा तो अफरातफरी की स्थिति बन गई। हाथी को आबादी की ओर बढ़ता देख दूसरे महावत राजू ने सूझबूझ दिखाई। वह खास आवाज निकालकर हाथी को आकर्षित करता और फिर आगे बढ़ता। आवाज सुनकर हाथी उसके पीछे दौड़ने लगता। करीब 30 बार दोहराकर राजू उसे रामलीला मैदान के पास स्थित बगीचे तक ले गया। इससे हाथी को शहर की ओर बढ़ने से रोक लिया, हादसा टल गया।

मध्य प्रदेश के पन्ना में वनभूमि पर कब्जा हटाने गई टीम पर हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, पन्ना

- छह वनकर्मियों समेत एक दर्जन ग्रामीण घायल, 14 पर एफआइआर
- 30 हेक्टेयर वन भूमि पर कुछ लोग वर्षों से खेती कर रहे थे

वन भूमि से कब्जा हटाने पहुंची वन टीम पर रविवार को मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ रेंज स्थित एक गांव में ग्रामीणों ने हमला कर दिया। वनकर्मियों को ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। आरोप है कि वनकर्मियों ने भी ग्रामीणों पर पलटवार किया। छह वनकर्मियों समेत एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टीम को छुड़ाया। मामले में 14 ग्रामीणों पर एफआइआर दर्ज की गई है।

वनरक्षक बर्सत लाला बर्मा के अनुसार, ग्राम पेराहा स्थित 30 हेक्टेयर वन भूमि पर कुछ लोग वर्षों से खेती कर रहे थे। यहां से दो माह पहले छतरपुर और पन्ना रेंज के अधिकारियों के निर्देश पर कब्जा हटाया था। इसके बाद विभाग ने यहां करीब 22 हजार पौधे रोपे थे, लेकिन ग्रामीणों ने इन्हें नष्ट करके फिर से कब्जा कर लिया। रविवार को वन



घायलों को अस्पताल ले जाते लोग। नईदुनिया

विभाग की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने घेर लिया। लाठी-डंडे, हंसिया, कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने टीम को जमकर पीटा। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीम ने उनसे मारपीट की। अजयगढ़ थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर ने बताया कि वन विभाग की शिकायत पर 14 लोगों पर एफआइआर दर्ज की है। वहीं, ग्रामीणों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

मप्र में पटरी पर मिला पटवारी का शव, कार में मृत मिले दोनों बच्चे

नईदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरम : मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में रविवार को पटवारी अजय धाकड़ का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। वहीं, रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी उनकी कार में उनके दोनों बच्चों 14 वर्षीय समर्थ और 11 वर्षीय शिवा के शव मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शआशंका है कि बच्चों की हत्या के बाद पटवारी ने आत्महत्या की, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

अजय सरवसे जिले के निवासी थे और नर्मदापुरम में पटवारी के पद पर पदस्थ थे। रविवार को वह फिल्म दिखाने की बात कहकर दोनों बच्चों को साथ लेकर निकले थे। देर तक कोई सूचना नहीं मिलने पर स्वजन ने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच पिपरिया में रेलवे ट्रैक पर उनका शव मिलने की सूचना मिली। शुरुआती जांच में बच्चों के शरीर और गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं। इससे उनकी हत्या किए जाने की आशंका है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

केवल वही व्यक्ति उत्तम रूप से कार्य करता है, जो पूर्णतया निस्वार्थी है, जिसे न तो धन की लालसा है और न कीर्ति की।

- स्वामी विवेकानंद

लापरवाही की कीमत

एक हादसे की त्रासदी का सबक हर हाल में यह होना चाहिए कि अगली बार सभी स्तर पर इस तरह के इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन होने वाले हादसों और उसमें लोगों के मारे जाने की घटनाओं के बावजूद किसी को भी सावधानी बरतना या याद रखना जरूरी नहीं लगता। खासतौर पर धार्मिक आयोजनों में अक्सर ऐसी लापरवाही आम देखी जा रही है, जिसमें हादसों की आशंका के बावजूद थोड़ी भी एहतियात नहीं बरती जाती। सवाल है कि इस तरह की लापरवाही के लिए क्या कभी किसी को जिम्मेदार ठहराया जाता है या कुछ भी ऐसा किया जाता है, ताकि आगे ऐसी घटना न हो? कोलकाता के एक प्रमुख दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार को हुई भगदड़ में उन्नीस लोगों के मरने और कम से कम पच्चीस के घायल होने की खबर ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कार्यक्रम के आयोजकों से लेकर पुलिस-प्रशासन या सरकार तक को कोई फिक्र नहीं है कि मामूली गलती भी कितने बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

विडंबना यह है कि ऐसी हर घटना के बाद सरकार की ओर से हादसे के कारणों की जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई, पीड़ितों या उनके परिजनों को राहत या मुआवजा आदि की घोषणा करने में तो तत्परता दिखाई जाती है, लेकिन ऐसी त्रासदी न हो, इसका पूर्व-इंतजाम करने को लेकर कोई गंभीरता या संवेदनशीलता नहीं दिखाई देती। खबरों के मुताबिक, कोलकाता के चेरबागान पूजा पंडाल में काफी संख्या में लोग जमा थे और लोगों के आने-जाने का तांता लगा हुआ था, लेकिन इसी बीच लाउडस्पीकर से कोई घोषणा की गई, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में भारी अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। इसके बाद लोगों के सामने केवल खुद को बचाने के लिए वहां से निकलने की कोशिश करने का विकल्प ही बचा था, जिसकी संभावना वहां की संकरी जगह और भीड़ की वजह से बेहद कम थी। जाहिर है, बचने की कोशिश में स्थिति और बिगड़ती गई, नतीजतन, उन्नीस लोगों की जान चली गई।

ऐसा लगता है कि धार्मिक आयोजनों या स्थलों पर ज्यादा से ज्यादा लोगों के जमा होने की उम्मीद तो की जाती है, उसके लिए कई बार प्रचार अभियान भी चलाए जाते हैं, लेकिन वहां की व्यवस्था के चाक-चौबंद होने को लेकर किसी भी स्तर पर ध्यान रखना अनिवार्य नहीं समझा जाता। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर किसी धार्मिक आयोजन या स्थल पर या फिर राजनीतिक रैलियों में सिर्फ लापरवाही और संवेदनहीनता की वजह से होने वाली भगदड़ में लोगों की जान जाने की खबरें आती रहती हैं। हैरानी की बात है कि अमूमन हर ऐसे हादसे के कारणों के समान होने के बावजूद कहीं कोई एहतियात नहीं देखी जाती। कोलकाता में भी जिस जगह हादसा हुआ, वहां की जगह संकरी होने और इसके मुकाबले लोगों की भीड़ ज्यादा होने के बावजूद भीड़ प्रबंधन और हादसे की स्थिति में बचाव या राहत को लेकर कोई पूर्व-इंतजाम नहीं था। इस तरह की घटनाओं में कई निर्दोष लोग जीवन गंवा देते हैं, लेकिन इसके लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाता है, क्या कार्रवाई की जाती है, भविष्य में भीड़ जमा होने वाले आयोजनों को लेकर क्या निर्देश जारी होते हैं, उन पर कितना अमल हो पाता है, इस सबको लेकर सरकारों के भीतर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन ऐसे हादसों का सिलसिला बदस्तूर कायम है।

अपराध के पांव

परिधान के अनुरूप जूते न पहनने की शिक्षक से शिकायत से शुरू हुआ विवाद एक किशोर की हत्या तक पहुंच जाए, तो सवाल सिर्फ अपराधी की मानसिकता का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का भी है जो बच्चों को मतभेद सुलझाना नहीं सिखा पा रही। सवाल यह भी है कि स्कूलों में शिक्षा के साथ सहनशीलता और संयम का पाठ कहां खो रहा है? दिल्ली के मोहन गार्डन में सत्रह वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या स्थिति को गंभीर बना देती है। मामूली कहासुनी का भयावह अंत बताता है कि असहमति और अपमान की भावना को संभालने का धैर्य कितना कमजोर हो रहा है। स्कूल केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने और परीक्षा में अंक दिलाने तक सीमित नहीं हो सकते। विद्यार्थियों के बीच विवाद के शुरुआती संकेत को पहचानना, समय से हस्तक्षेप करना और हिंसा से दूर रखने के लिए व्यवस्था बनाना भी उनकी जिम्मेदारी है। बच्चों में संवाद, संयम और मतभेद सुलझाने की क्षमता बढ़ाने के दायित्व से विद्यालय बच नहीं सकते। जब स्कूल की चौखट ही सुरक्षा का भरोसा नहीं दे पा रही, तो परिसर के बाहर बच्चों की हिफाजत की उम्मीद कैसे की जाए?

इस मामले में नाबालिगों की संलिप्तता किशोर न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाती है। कानून का उद्देश्य जवाबदेही तय करने के साथ बाल अपराधियों के सुधार व पुनर्वास की संभावना बनाना भी है। फिर भी, यदि दंड या निगरानी के बाद कोई किशोर दोबारा अपराध की राह पकड़ता है, तो यह देखना जरूरी है कि सुधार की प्रक्रिया कहां कमजोर रह जाती है। यह मानना गलत होगा कि हर बाल अपराधी जीवन भर अपराध करता रहेगा, लेकिन परामर्श, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और परिवार के सहयोग को पुनर्वास का प्रभावी हिस्सा बनाना होगा। दोषियों को कानून के मुताबिक सजा मिलना जरूरी है, लेकिन न्याय की सार्थकता अपराध की पुनरावृत्ति रोकने में भी है। परिवार, विद्यालय, समाज और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकते। बच्चों के हाथों में कलम की जगह चाकू आ जाना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, समाज के भविष्य के लिए चेतावनी भी है। अपराध के पांव रोकने हैं, तो हिंसा के परिणाम सामने आने से पहले ही संवेदना, संयम और जवाबदेही की नींव मजबूत करनी होगी।

शैक्षिक परिदृश्य में गुणवत्ता का सवाल



भारत की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए पर्याप्त निवेश, प्रशिक्षित शिक्षकों, डिजिटल सुविधाओं और रोजगारपरक कौशलों का विस्तार जरूरी है।


सुरेश सेठ

भारतीय समाज में शिक्षा को केवल डिग्री हासिल करने या रोजगार पाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की बुनियाद माना गया है। मगर बदलती दुनिया में शिक्षा का अर्थ और उसकी जरूरतें तेजी से बदल रही हैं। डिजिटल तकनीक, कृत्रिम मेधा (एआइ), जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आर्थिक असमानता और रोजगार के नए स्वरूप ने शिक्षण व्यवस्था के सामने ऐसी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जिनका सामना पुराने पाठ्यक्रमों और परंपरागत तरीकों से संभव नहीं है। यूनेस्को की शिक्षा संबंधी नई रिपोर्ट इसी बदलाव की ओर ध्यान दिलाती है। संदेश साफ है कि शिक्षा में क्रांति के दावे तभी सार्थक होंगे, जब वे कक्षाओं की वास्तविकता में दिखाई दें और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर मिले।

भारत में शिक्षा सुधारों की चर्चा लंबे समय से होती रही है। सरकारें अपने-अपने स्तर पर नई नीतियों, योजनाओं और शिक्षण माडलों की उपलब्धियां गिनाती हैं। दावा किया जाता है कि प्राथमिक शिक्षा तक बच्चों की पहुंच बढ़ी है, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है और शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार आया है। इन उपलब्धियों का महत्त्व असंदिग्ध है, लेकिन शिक्षा की सफलता का आकलन केवल नामांकन के आंकड़ों से नहीं किया जा सकता। असली सवाल यह है कि कितने बच्चे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचते हैं, कितने पढ़ाई पूरी करते हैं और कितने बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप ज्ञान हासिल कर पाते हैं। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की समस्या गंभीर है। आर्थिक विवशता अनेक बच्चों को बाल श्रम या घरेलू कामकाज की ओर धकेल देती है। इससे शिक्षा का अधिकार कागज पर तो सुरक्षित दिखाई देता है, लेकिन उसका वास्तविक लाभ हर बच्चे तक नहीं पहुंच पाता। इसी तरह, विद्यालयों में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के दावों के बीच शौचालयों की कमी, जर्जर इमारतें और संसाधनों का असमान वितरण चिंता पैदा करते हैं। कहीं एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभाल रहा है, तो कहीं शिक्षकों और विद्यार्थियों में संतुलन नहीं है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना कठिन है।

इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षा पर पर्याप्त सार्वजनिक निवेश का अभाव है। लंबे समय से शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का छह फीसद खर्च करने की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन इस लक्ष्य को पूरी तरह हासिल नहीं किया जा सका है। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के निर्माण के लिए केवल नई घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। बजट, प्रशिक्षित शिक्षक, बेहतर विद्यालय भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और डिजिटल सुविधाएं अनिवार्य हैं। सरकारी विद्यालयों को निजी स्कूलों के समकक्ष बनाना है, तो संसाधनों की खाई पाटनी होगी। गरीब परिवारों के बच्चों को भी वही अवसर मिलने चाहिए, जो संपन्न बच्चों को उपलब्ध हैं।

आज शिक्षा का एक बड़ा उद्देश्य डिजिटल दुनिया के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना है। कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम मेधा अब केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित विषय नहीं रह गए हैं। इनका प्रभाव खेती, उद्योग, चिकित्सा, प्रशासन, व्यापार और दैनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र पर पड़ रहा है। डिजिटल स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक उपकरण उपयोगी हैं, लेकिन तकनीक को शिक्षा का विकल्प नहीं बनाया जा सकता। उसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब शिक्षक प्रशिक्षित हों और तकनीकी संसाधनों तक सबकी पहुंच सुनिश्चित की जाए।



देश की बड़ी आबादी गांवों में रहती है, जहां अनेक स्थानों पर इंटरनेट की गुणवत्ता, बिजली की नियमित आपूर्ति और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता अब भी चुनौती है। यदि डिजिटल शिक्षा को समान अवसर का माध्यम बनाना है, तो गांवों में दूरसंचार नेटवर्क, बिजली और तकनीकी सहायता का विस्तार करना होगा। अन्यथा, डिजिटल क्रांति शिक्षा में मौजूद असमानता को कम करने के बजाय और गहरा सकती है।

> एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न शिक्षा और रोजगार के संबंध का है। आज अनेक युवा डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नई अर्थव्यवस्था में केवल प्रमाणपत्र पर्याप्त नहीं होंगे। व्यावहारिक कौशल, समस्या समाधान, संवाद क्षमता और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति भी जरूरी होगी। उच्च शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ 'इंटर्नशिप' और पढ़ाई के दौरान अंशकालिक काम के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अनुभव मिलेगा और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, काम और पढ़ाई के बीच संतुलन ऐसा होना चाहिए कि आर्थिक मजबूरी शिक्षा में बाधा न बने।

यूनेस्को की रिपोर्ट में वर्ष 2030 तक दुनिया को करोड़ों अतिरिक्त शिक्षकों की जरूरत की ओर संकेत किया गया है। यह जरूरत केवल नए शिक्षकों की भर्ती तक सीमित नहीं है। सेवानिवृत्ति, पेशे से बाहर निकलने वाले शिक्षकों और बढ़ते शैक्षिक दायित्वों के कारण पैदा होने वाली रिक्तियों को भरने के साथ मौजूदा शिक्षकों को भी नए कौशलों से लैस करना होगा। पुराने पाठ्यक्रमों, पुस्तकों और परीक्षा प्रणालियों में बदलाव तभी कारगर होगा, जब शिक्षक इन बदलावों को समझें और कक्षा में लागू करने की क्षमता रखें। इसलिए शिक्षक प्रशिक्षण को नियमित और व्यावहारिक बनाना होगा। शिक्षक ज्ञान के मार्गदर्शक, आलोचनात्मक सोच के विकासकर्ता और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहभागी हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानजनक वेतन, सुरक्षित कार्य परिस्थितियां और पेशेवर विकास के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। यदि समान योग्यता वाले अन्य पेशों की तुलना में शिक्षकों को कम वेतन और सीमित सुविधाएं मिलेंगी, तो प्रतिभाशाली युवाओं को इस पेशे की ओर आकर्षित करना कठिन होगा।

बदलती शिक्षा व्यवस्था को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी जोड़ना होगा। अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और चरम मौसमी घटनाएं जनजीवन तथा आजीविका को प्रभावित कर रही हैं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में इन परिवर्तनों की समय रहते जानकारी और उनके प्रभावों की समझ विशेष महत्त्व रखती है। विद्यार्थियों को पर्यावरणीय जागरूकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आपदा से निपटने के कौशल सिखाने चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

इसी के साथ समावेशन और लैंगिक समानता को भी शिक्षा के केंद्र में रखना होगा। प्रवासन और विस्थापन के कारण जिन बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, उनके लिए लचीली व्यवस्था विकसित करनी होगी। विद्यालयों को ऐसा वातावरण बनाना चाहिए, जहां किसी बच्चे की आर्थिक स्थिति, सामाजिक पृष्ठभूमि या लैंगिक पहचान उसके सीखने के अवसरों में बाधा न बने।

एक और महत्त्वपूर्ण प्रश्न शिक्षा और रोजगार के संबंध का है। आज अनेक युवा डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नई अर्थव्यवस्था में केवल प्रमाणपत्र पर्याप्त नहीं होंगे। व्यावहारिक कौशल, समस्या समाधान, संवाद क्षमता और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति भी जरूरी होगी। उच्च शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ इंटर्नशिप और पढ़ाई के दौरान अंशकालिक काम के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अनुभव मिलेगा और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, काम और पढ़ाई के बीच संतुलन ऐसा होना चाहिए कि आर्थिक मजबूरी शिक्षा में बाधा न बने।

भारत में पंजाब जैसे राज्यों के सामने अब चुनौती केवल अधिक बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने की नहीं, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और भविष्योपयोगी शिक्षा देने की है। शिक्षा क्रांति का वास्तविक प्रमाण चमकदार आंकड़े नहीं, बल्कि वह बच्चा होगा जो आर्थिक अभाव के बावजूद पढ़ सके, अपनी प्रतिभा विकसित कर सके और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर पाए। यही वह आधार है, जिस पर आधुनिक, समतामूलक और आत्मनिर्भर भारत की इमारत खड़ी हो सकती है।

सहानुभूति और संवाद

गिरीश पंकज

किसी अकेले उदास व्यक्ति को देखकर अगर सांत्वना के दो शब्द बोल दिए जाएं, तो यह एक तरह से उसके आंतरिक जख्मों पर मरहम की तरह होता है। मगर लोग प्रायः उदासी से लिपटे किसी व्यक्ति को देखकर आगे निकल जाते हैं। भले वह परिचित न हो, लेकिन प्रेम के दो मीठे बोल उसे राहत पहुंचा सकते हैं। यही मनुष्यता है। कुछ समय पहले एक उदास सज्जन भीड़ से हटकर पुल पर अकेले खड़े होकर उफनाती नदी को एकटक निहार रहे थे। बाद में उन्होंने नदी में छलांग लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। उस वक्त अगर कोई राहगीर रुक कर उनसे बातचीत कर लेता, तो शायद वे अपने मन की व्यथा साझा कर लेते और बाद में उनका मन बदल जाता।

दरअसल, सहानुभूति और संवाद मनुष्य की वह आदिम पूंजी हैं, जिन्होंने पाषाण काल के भयभीत इंसान को सभ्यता के उजाले तक पहुंचाया। मगर विडंबना देखिए कि जैसे-जैसे हमारे शहर घने होते गए, हमारी बस्तियां बहुमंजिला इमारतों में तब्दील होती गईं, वैसे-वैसे मनुष्य भीतर से उतना ही छीजता और अकेला होता चला गया। आज की चकाचौंध से भरी दुनिया में मनुष्यता की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं है कि संसाधन घट गए हैं, बल्कि यह है कि एक मनुष्य के पास दूसरे मनुष्य की आंखों में झांकने की फुर्सत नहीं बची है। अक्सर सड़कों, चौराहों, बस ठहराव या रेल की पटरियों के किनारे ऐसे चेहरे टकरा जाते हैं, जिनके भीतर सन्नाटे की एक गहरी खाई पसरी होती है। उनकी आंखों में जीवन की कोई चमक नहीं होती, बस एक थकी हुई, पथराई-सी उदासी तैरती है। ऐसे किसी अकेले, उदास व्यक्ति को देखकर अगर कोई ठहर जाए और सांत्वना के दो आत्मीय शब्द कह दे, तो यह केवल औपचारिक बातचीत नहीं होती। यह उसके रिसते हुए आंतरिक जख्मों पर किसी संजीवनी मरहम की तरह असर करती है। लोग भूल जाते हैं कि दुख किसी का निजी हो सकता है, लेकिन संवेदना तो सामूहिक होनी चाहिए। एक अजनबी से प्रेम के दो मीठे बोल भी उस गिरते हुए विश्वास को थाम सकते हैं, जो किसी भी क्षण बिखरने की कगार पर होता है। यही मनुष्यता की सच्ची परिभाषा है।

जब कोई व्यक्ति आत्महत्या का निर्णय लेता है, तो वह वास्तव में जीवन को समाप्त नहीं करना चाहता, बल्कि वह उस असह्य मानसिक पीड़ा, अकेलापन और लाचारी को समाप्त करना चाहता है, जिससे वह घिर चुका होता है। उस चरम क्षण में केवल एक जीवित आवाज, एक सहानुभूति भरा कान और एक संवेदनशील हृदय उस अंधेरे को चीरने के लिए काफी होता है। संवाद का वह एक तिनका डूबते हुए के लिए जीवन की पतवार बन सकता था।

आधुनिक समाज की सबसे बड़ी विसंगति यह है कि हम संवाद के अनगिनत माध्यमों से घिरे हैं, फिर भी संवादहीनता के सबसे भयावह दौर में जी रहे हैं। किसी की उदासी अब लोगों को बेचैन नहीं करती, किसी अजनबी से बोलना आज के समय में संशय और भय का विषय बना दिया गया है। सुरक्षात्मक रवैया होना बुरा नहीं है, लेकिन इस भय ने हमारी सहज मानवीय करुणा का गला घोंट दिया है। जब हम किसी को किनारे खड़े, गुमसुम या असहाय देखते हैं, तो हमारी चुप्पी वास्तव में उस व्यक्ति के भीतर की इस भावना को पुख्ता करती है कि 'इस दुनिया में मेरा कोई नहीं है, मेरे रहने या न रहने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।' यही वह खतरनाक बिंदु होता है, जहां व्यक्ति जीवन से मोह छोड़ देता है। उदासी और अवसाद में फंसा व्यक्ति चिल्लाकर मदद नहीं मांग सकता, उसकी खामोशी ही उसकी सबसे बड़ी चीख होती है। संवेदनशील वही है, जो अनकही पीड़ा को पढ़ सके। इसके लिए किसी बड़े दार्शनिक ज्ञान या धन-दौलत की आवश्यकता नहीं होती। इसके लिए बस थोड़ी-सी फुर्सत, थोड़ा-सा धीरज और एक धड़कता हुआ दिल चाहिए।

प्रेम और सांत्वना के शब्दों में वह रासायनिक शक्ति होती है, जो किसी की चेतना की दिशा बदल सकती है। जब हम किसी से यह कहते हैं कि 'आप अकेले नहीं हैं, मैं आपकी बात सुनने को तैयार हूं', तो हम केवल सांत्वना नहीं दे रहे होते, बल्कि हम उस व्यक्ति को संसार में उसके वजूद का औचित्य लौटा रहे होते हैं। हम उसे यह अहसास कराते हैं कि वह अदृश्य नहीं है, वह देखा जा रहा है, और उसकी पीड़ा का इस ब्रह्मांड में महत्त्व है। भारतीय संस्कृति और मानवीय चेतना का मूल तत्त्व यही रहा है कि परिए दुख को अपना दुख समझा जाए।

मनुष्य होने का दायित्व केवल अपने परिवार या अपने संकीर्ण दायरे तक सीमित नहीं है। रास्ते चलते किसी गिरे हुए को उठाना जितना बड़ा पुण्य है, उससे कहीं बड़ा पुण्य किसी गिरती हुई आत्मा को अपनी मीठी वाणी से सहारा देना है। लोगों को अपने भीतर उस सहज संवेदना को फिर से जीवित करना होगा। अगर राह चलते कभी कोई चेहरा बहुत भारी, थका हुआ और जीवन से विमुख नजर आए, तो अपनी व्यस्तताओं की गति को कुछ पलों के लिए थाम लेना चाहिए और आगे बढ़कर पूछना चाहिए कि 'क्या मैं आपके किसी काम आ सकता हूं?' भले ही वह व्यक्ति अपनी बात पूरी तरह न कहे, भले ही वह संकोच में मुस्कुरा कर टाल दे, लेकिन इस तरह पूछना उसके भीतर एक दीप जला देगा। उसे यह विश्वास लौट आएगा कि संसार अभी पूरी तरह संवेदनहीन नहीं हुआ है।

पुल पर खड़ा वह व्यक्ति कोई भी हो सकता है- हमारा भाई, मित्र, पड़ोसी या कोई अनजान मुसाफिर। अगर हम समय रहते प्रेम और सांत्वना के दो बोल बोलने का साहस जुटा लें, तो न जाने कितने जीवन नदी की गहराइयों में समाने से बच सकते हैं। मनुष्यता किसी भव्य इमारत में नहीं, बल्कि दो मनुष्यों के बीच बहने वाली इसी अनाम, निस्वार्थ आत्मीयता में सांस लेती है।

> **दुनिया मेरे आगे**
>
> हम संवाद के अनगिनत माध्यमों से घिरे हैं, फिर भी संवादहीनता के सबसे भयावह दौर में जी रहे हैं। किसी की उदासी अब लोगों को बेचैन नहीं करती, किसी अजनबी से बोलना संशय और भय का विषय बना दिया गया है। सुरक्षात्मक होना बुरा नहीं है, लेकिन इस भय ने हमारी सहज मानवीय करुणा का गला घोंट दिया है।

मानवाधिकारों का सवाल



मानवाधिकार किसी भी लोकतंत्र का जीवन होता है। ये प्रत्येक नागरिक को गरिमा, स्वतंत्रता, समानता और न्याय का भरोसा देते हैं। हालांकि, हमारी सामाजिक वास्तविकताएं अभी भी कमजोर और हाशिये पर खड़े वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कई चुनौतियां पेश करती हैं। हिरासत में यातना, बंधुआ मजदूरी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार जैसी समस्याएं यह दिखाती हैं कि संवैधानिक आश्वासनों को साकार करना अभी भी अधूरा कार्य है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इस संदर्भ में न केवल पीड़ितों को न्याय दिलाने, बल्कि व्यवस्थागत खामियों को उजागर करने वाला एक अहम संस्थागत मंच है। आयोग ने अपनी स्थापना के बाद लाखों मामलों की सुनवाई कर सैकड़ों को राहत प्रदान की है, जो उसकी कार्यप्रणाली और व्यापक प्रभाव का प्रमाण है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने अपनी एक टिप्पणी में कहा है कि मानवाधिकार की सार्थकता तभी संभव है जब समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक न्याय और सुरक्षा पहुंच सके। इस भाव से मानवाधिकार की रक्षा और संवर्धन के लिए निरंतर सजगता आवश्यक है।

- युगल किशोर राही, छपरा

कठघरे में निष्पक्षता

चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों का विवाद अब राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, जबकि भाजपा इसे चुनावी हार से उपजी हताशा बता रही है। विपक्ष के लिए यह मुद्दा मतदाता अधिकारों और चुनावी पारदर्शिता को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में लाने का अवसर है। इससे विपक्षी एकजुटता मजबूत हो सकती है, लेकिन क्षेत्रीय हित उसकी राह में बाधा बन सकते हैं। यदि मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देते हैं तो विपक्ष आंदोलन और संसदीय विरोध के जरिए दबाव बढ़ा सकता है। इस्तीफा होने पर भी विवाद का समाप्त होना निश्चित नहीं है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। आरोपों की निष्पक्ष जांच, ठोस प्रमाण और पारदर्शी जवाबदेही ही मतदाताओं का भरोसा बहाल कर सकती है।

- कांतिलाल मांडोत, लखनऊ

इस्तीफे की राजनीति

वर्तमान राजनीति में विरोध दर्ज कराने के लिए इस्तीफे की मांग करना आम होता जा रहा है। कभी पेपर लीक पर शिक्षा मंत्री, तो कभी एसआइआर प्रक्रिया पर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठती है। यहां तक कि संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के निर्णयों से असहमति जताने के लिए भी इस्तीफे को हथियार बनाया जाने लगा है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व सरकार और संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करना है, लेकिन हर विवाद का समाधान इस्तीफे में खोजना उचित नहीं। जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाए। युवा नेताओं के आंदोलनों और उनकी जीवनशैली को लेकर भी पारदर्शिता आवश्यक है। किसी भी संदेह की जांच सक्षम एजेंसी तथ्यों और कानून के आधार पर करे। युवाओं को तार्किक सोच और रचनात्मक राजनीति से प्रेरित करना चाहिए। विरोध तभी सार्थक है, जब उसमें जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मर्यादा बनी रहे।

- अरविंद जैन बीमा, उज्जैन

नशे का जाल

पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने तीन महीने में राज्य को नशामुक्त करने का वादा किया था, लेकिन आज भी यह लक्ष्य अधूरा है। सरकारी अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद युवाओं का नशे की गिरफ्त में आना गंभीर चिंता का विषय है। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं की सुरक्षा भी बड़ा सवाल है। परमिंदर सिंह झोटा की हत्या और गुलजार सिंह की मौत जैसी घटनाएं बताती हैं कि नशे के विरुद्ध संघर्ष करने वालों को सुरक्षा देना कितना जरूरी है। छोटे तस्करों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं। पूरे नेटवर्क, उसके सरगनाओं और संभावित संरक्षकों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पंजाब में नशा तस्करी राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ी है। केंद्र और राज्य सरकार को समन्वय बढ़ाकर तस्करों पर कठोर कार्रवाई, युवाओं के पुनर्वास और शिकायतकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

- महेश कुमार, सिद्धमुख, राजस्थान

चिंतन

धार्मिक उत्सवों में हादसों का जिम्मेदार कौन?

त्योहारों में आस्था और उल्लास के बीच मौत का तांडव आखिर कब थमेगा? कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल और ग्वालियर में मंदिर के पास हादसे में श्रद्धालुओं की जान जाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हर त्रासदी के बाद जांच, गिरफ्तारी और निलंबन होते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय कब होंगे? भारत में त्योहार आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं। दुर्गा पूजा के पंडालों से लेकर मंदिरों और धार्मिक सभाओं तक, लाखों लोग श्रद्धा के साथ जुटते हैं। लेकिन जब उत्सव चीख-पुकार और मातम में बदल जाएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन हादसों का जिम्मेदार कौन है? कोलकाता और ग्वालियर की हालिया घटनाएं बताती हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत और 25 के घायल होने की खबर बेहद दुःखद है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पंडाल में प्रवेश करना और संकरे रास्ते में भीड़ का फंस जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर, ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 26 के घायल होने की सूचना है। दोनों हादसों की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन साझा सवाल यही है कि संभावित खतरे को पहले क्यों नहीं पहचाना गया? कोलकाता में भीड़ की क्षमता, प्रवेश-निकास और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी है। ग्वालियर में यह पता लगाना होगा कि भारी वाहन उस मार्ग पर कैसे पहुंचा, यातायात नियंत्रण कैसा था और श्रद्धालुओं की कतार सड़क के जोखिम वाले हिस्से में क्यों लगी थी। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक आयोजन मातम में बदले हैं। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास भगदड़ में 115 लोगों की जान गई थी। हर साल कहीं न कहीं ऐसे हादसे लगातार होते रहते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किए जाते। ऐसे में जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उत्सवों में लोगों की जान न जा पाए। इसके लिए आयोजनों से पहले स्थल की क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग तथा बाधारहित हों। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य हो। बारिश, आग, बिजली बाधित होने या अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रहनी चाहिए। प्रशासन और आयोजकों को आयोजन से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लेनी चाहिए। प्रॉपर बैरिकेडिंग हो, श्रद्धालुओं के लाइन में लगने की व्यवस्था हो। पुलिसबल और आयोजकों के वालिंटियर तैनात रहें। संकरे रास्तों में लाइनों की व्यवस्था की जाए। वहीं, आमजन को भी चाहिए कि वह बुजुर्गों और बच्चों को ऐसी भीड़भाड़ भरी जगहों पर ले जाने से बचें। आयोजकों, पुलिस, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। श्रद्धालुओं को भी धक्का-मुक्की, अफवाह और जल्दबाजी से बचना चाहिए, लेकिन नागरिकों को अनुशासन की अपेक्षा करने से पहले प्रशासन को सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी होगी।




मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका की ओर से 60 दिनों की टैरिफ राहत भारत के लिए अपने निर्यात हितों को सुरक्षित करने और व्यापार वार्ता को नई दिशा देने का अवसर है। वस्त्र, औषधि, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों से देश की अर्थव्यवस्था के साथ लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए भारत को टैरिफ दरें न्यूनतम कराने के उद्देश्य से प्रभावी कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व कम नहीं है। अगले 60 दिनों में भारत के सामने अपने आर्थिक हितों को मजबूती से रखने और बेहतर व्यापार समझौते की राह तलाशने की चुनौती होगी। उम्मीद है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देगा।

भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का संवेदनशील दौर

यकीनन पिछले कुछ दशकों में वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्र पर भारत और अमेरिका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य की एक नई पटकथा लिख रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाजार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक 'असैन्य परमाणु समझौते' और 2016 में भारत को मिले 'मेजर डिफेंस पार्टनर' के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी वाली आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमेरिका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही, भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसे में अब अमेरिका से नई आर्थिक संभावनाओं की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमेरिकी प्रशासन द्वारा 'लीडिंग ग्राहम अधिनियम' के तहत रूसी तेल खरीदारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और



यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है।

निस्संदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले 60 दिनों के वैधानिक ग्रेस पीरियड को खत्म करने का नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जाएगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करने की बाध्यता होगी। अब तकनीकी और श्रम बाजार के अलावा भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग भी अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों की सीधी जद में आ गया है। भारत को वैश्विक स्तर पर रुविंश की फार्मेसी कहा जाता है और इसकी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली का एक प्रमुख आधार रही हैं। हालांकि, आयातित जेनेरिक दवाओं पर 1 अगस्त 2026 से लागू चरणबद्ध शुल्क नीति के तहत शुरुआती दो वर्षों में 0 प्रतिशत शुल्क के बाद इसे 2028 में 100 प्रतिशत और 2029 से बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने की योजना है। यदि यह नीति पूर्ण रूप से लागू होती है, तो अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाओं की कीमतें अत्यधिक बढ़ जाएंगी, जिससे भारत का फार्मा निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के तहत भारत को सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारत को कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रों से भारत की विशाल आबादी की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही, औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी पर अमेरिकी टैरिफ दरों को शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए भारत को कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः, अमेरिका द्वारा मिली 60 दिनों की यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारत के लिए महज एक सांकेतिक दृष्टि नहीं है। यह 60 दिनों का समय भारत को अपनी वैश्विक निर्यात स्थिति, रणनीतिक विकल्पों और कूटनीतिक वार्ताओं को नए सिरे से संजोने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। उम्मीद करें कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और आर्थिक साझेदारी को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दुर्गा अष्टमी
बाल मुकुन्द ओझा



कन्या पूजन : नारी शक्ति की आराधना का महापर्व

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को महा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। कहते हैं नवरात्रि के आठवें दिन जो भी भक्त मां की सच्चे मन से आराधना करता है उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है। देवी के इस स्वरूप का रंग अत्यधिक गोरा है इसलिए उन्हें महागौरी के नाम से जाना गया है। कन्या पूजन कोई अष्टमी को करता है तो कोई नवमी के दिन। इस बार कन्या पूजन 19 अक्टूबर को करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये सुख और शान्ति की देवी भी कहलाती है। माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा



शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। देवी दुर्गा के नौ रूपों में महागौरी आठवीं शक्ति स्वरूपा हैं। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। महागौरी की चार भुजाएं होती हैं। जिसमें से दो भुजाओं में उनके शंख होते हैं और दो भुजाएं आशीर्वाद देती हुई प्रतीत होती हैं। इनका वर्ण सफेद और देखने में अत्यंत सुन्दर है, इसीलिए इनका नाम महागौरी है। इनकी सवारी एक सफेद बैल है और इनके वस्त्र भी सफेद हैं। अष्टमी की तिथि के दिन महागौरी मां दुर्गा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप और कष्ट दूर हो जाते है। प्राचीन कथा के अनुसार जब देवी सती भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या में लीन थीं, तो उनके सम्पूर्ण शरीर पर मिट्टी जम गयी थी। कठोर तपस्या के कारण माता का शरीर काला पड़ गया था। अंततरू देवी की तपस्या से प्रसन्न होने के पश्चात्क भगवान शिव उन्हें स्वीकार करते हैं। उस समय देवी सती ने जब गंगा जल में स्नान किया तब वह विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं। तब देवी के इस स्वरूप को भगवान शिव ने महागौरी का नाम दिया। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी पाप धुल जाते है। जिससे मन और शरीर हर तरह से शुद्ध हो जाता है। देवी महागौरी भक्तों को सदमार्ग की ओर ले जाती है। इनकी पूजा से अपवित्र व अनैतिक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। देवी दुर्गा के इस सौम्य रूप की पूजा करने से मन की पवित्रता बढ़ती है। जिससे सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। देवी महागौरी की पूजा करने से मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। इनकी उपासना से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हमारी धार्मिक परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है और छोटी कन्याओं में भी देवी के स्वरूप की कल्पना की जाती है। इसी आस्था के कारण नवरात्रि के अंत में कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महाष्टमी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना, आत्मशुद्धि और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की पूजा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस दिन कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं में देवी शक्ति के स्वरूप का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का संदेश देती है। महाष्टमी का वास्तविक महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, सदाचार, करुणा और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने में भी निहित है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैंने समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैंने सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जवाब में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

कंजक पूजा ही नहीं उनका सम्मान भी करें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। लेकिन दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोहमाया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए। साथ ही हम कंजकों का पूजन जरूर करें, लेकिन उनका सम्मान करना भी हमें सीखना होगा। - संकेत शुक्ला, रायगिम

करंट अफेयर

एआई अब तस्वीर से हृदय रोग का पता लगा सकता है

चेहरे और जीभ की तस्वीरों के आधार पर तैयार एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली ने एक छोटे परीक्षण में कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित प्रत्येक मरीज की सटीक पहचान की। तीन में किये गए एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई है। प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे और जीभ की तस्वीरें एक विशेष रूप से तैयार किए गए स्कैनिंग प्रणाली की मदद से ली गईं। तस्वीरों का विश्लेषण 'डीप लर्निंग' तकनीक के जरिए किया गया। यह एआई की एक तकनीक है, जो तस्वीरों में मौजूद विशेषताओं को पहचानना सीखती है। 'डीप लर्निंग' एआई और 'मशीन लर्निंग' का एक उन्नत हिस्सा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को मानव मस्तिष्क की तरह सोचने, समझने और डेटा से खुद सीखने योग्य बनाती है। इस प्रणाली ने पहले जीभ और चेहरे की तस्वीरों का अलग-अलग विश्लेषण किया। इसके बाद, दोनों से प्राप्त जानकारियों को मिलाकर यह अनुमान लगाया कि किन लोगों को सीएचडी है। दोनों तस्वीरों से मिली जानकारियों का संयुक्त रूप से इस्तेमाल करने पर परिणाम, किसी एक तस्वीर के आधार पर किए गए विश्लेषण की तुलना में बेहतर रहे। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्करण ने 104 लोगों पर किए गए परीक्षण में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की।



ऑफ बीट

महा अष्टमी पर काठमांडू के दुर्गा मंदिरों में भीड़ उमड़ी

नेपाल में 10-दिवसीय बड़ा दशईं त्योहार के आठवें दिन महा अष्टमी के मौके पर रविवार को काठमांडू घाटी में देवी दुर्गा को समर्पित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नेपाल में हिंदू समुदाय के लिए महा अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन वे देवी के महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं, जो क्रमशः शक्ति, धन और ज्ञान से जुड़ी हुई हैं। बड़ा दशईं नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नवदुर्गा' कहा जाता है। यह उत्सव दसवें दिन यानी विजयादशमी के मौके पर संपन्न होता है। विजयादशमी के दिन घर के बड़े-बुजुर्ग परिवार के छोटे सदस्यों को सिंदूर, दही और चावल का टीका लगाते हैं तथा आशीर्वाद के रूप में उन्हें 'जमारा' (जौ के अंकुर) देते हैं। गुहेश्वरी, नवसल भगवती, भद्रकाली, शोवा भगवती, ब्रिजेश्वरी, इंद्रायणी, रक्तकाली, बज्रयोगिनी और तालेजू भवानी सहित काठमांडू के प्रमुख मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ जमा हुई। त्योहार के लिए मंदिरों को रंगीन रोशनी और कागज के झंडों से सजाया गया था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत कई मंदिरों में पशु बलि दी गई। कई जगहों पर 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ भी किया गया, जो मार्कंडेय पुराण से जुड़ा एक पवित्र ग्रंथ है।



ट्रेंड

पैरा-एथलीटों पर गर्व



पेरिस पैरालंपिक 2026 की शुरुआत आइरीनाओया में हो रही है। इस अवसर पर मैं भारतीय दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत को पैरा-एथलीटों पर गर्व है। उनका साहस, समर्पण और जज्बा 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। -नरेंद्र मोदी, पीएम

खामियाजा भुगतना पड़ेगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की 'रातों की नींद उड़ी हुई है'। उन्हें हर हाल में ब्याज के कतरे में लाया जाएगा और 'वोट चोरी' का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

अराजकता फैला रहा विपक्ष



'भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मुख्य विपक्षी दल का सड़क पर विशेष प्रदर्शन के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्हें पता होना चाहिए कि जहां भी ऐसी घटनाएं हुईं हैं, वहां विदेशी ताकतों ने उन्हें प्रायोजित किया है और उसने अराजकता फैली है।'
-चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री

खतरनाक साजिश रची



भारत विरोधी गिरोहों और कुछ नेताओं ने युवाओं को सड़कों तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की राह तैयार करने की साजिश रची, जैसी पहले फ्रांस एवं बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के लिए रची गयी थी। ऐसी 'खतरनाक साजिश' रचने वाले लोग यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। -किरेन रीजीजू, केंद्रीय मंत्री

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हादसा-दर-हादसा

कोलकाता के चोरबागान सार्वजनीन पूजा पंडाल में मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत की खबर अभी तफसील से आ भी नहीं सकी थी कि ग्वालियर के शीतला माता मंदिर के पास देर रात दर्जनों श्रद्धालुओं के ट्रक से कुचले जाने और इसमें 15 के मरने के समाचार ने सबके रोंगटे खड़े कर दिए। निस्संदेह, शनिवार की रात श्रद्धा और आस्था के इन दोनों केंद्रों पर जो मंजर था, वह किसी का अभीष्ट नहीं हो सकता, लेकिन यह पूछा ही जाना चाहिए कि आखिर मानवीय लापरवाही और प्रशासनिक चूक की भेंट मासूम लोग कब तक चढ़ते रहेंगे? कहा जा रहा है, चोरबागान की एक सेकरी गली में यह पूजा पंडाल बना है और शाम में हुई बारिश से बचने के लिए हजारों लोग इसमें आ घुसे, जिसके कारण यह अप्रिय घटना घटी। यह बताता है कि स्थानीय प्रशासन और पूजा प्रबंधन समिति के बीच तालमेल की कमी थी। यह जानते हुए कि पंडाल से निकासी के पर्याप्त रास्ते नहीं हैं, इतनी बड़ी भीड़ को अंदर आने दिया गया। हैरानी की बात है कि यह पूजा समिति नौ दशक पुरानी है, फिर तो उसके पास अपनी क्षमताओं और संसाधनों का सटीक अनुमान होना चाहिए था?

बंगाल की दुर्गा पूजा देश ही नहीं, दुनिया भर में मशहूर रही है। यूनेस्को ने वर्षों पहले इसे सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया था। फिर इस विरासत को संभालने में कोताही क्यों? यह तो किसी से छिपी बात नहीं है कि दुर्गा पंडालों में हर साल भारी भीड़ उमड़ती रही है, खासकर सप्तमी से दशहरे तक यह उत्सव अपने चरम पर होता है। प्रशासन और पंडाल समितियों को पहले से चाक-चौबंद तैयारी करनी चाहिए थी। इस हादसे के बाद देश भर की सरकारों को उन पूजा पंडालों में जन-प्रवेश को लेकर एक ठोस रणनीति बनानी चाहिए, जहां अचानक बढ़ आई भीड़ से निपटने की मुकम्मल व्यवस्था नहीं। इस प्रक्रिया में देवी आराधना की प्रक्रिया को अक्षुण्ण रखते हुए स्थानीय लोग आगे आकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि पश्चिम बंगाल की उत्सवधर्मिता आगे दागदार न हो।

श्रद्धा के दो केंद्रों पर शनिवार की रात जो मंजर था, वह किसी का अभीष्ट नहीं हो सकता, पर सवाल है कि मानवीय लापरवाही की भेंट मासूम लोग कब तक चढ़ते रहेंगे?

ग्वालियर की घटना तो और भी अफसोसनाक है। प्रशासनिक लापरवाही की वजह से ट्रक उस इलाके में दाखिल हो गया, जो वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। ग्वालियर के अधिकारियों को भी यह पता होगा कि किसी भी पर्व-त्योहार के समय मंदिरों, धर्मस्थलों में अधिक भीड़ आती है और उसके प्रबंधन की तैयारी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। ऐसे में, प्रतिबंधित क्षेत्र में बेकाबू ट्रक का घुस आना क्या बताता है? प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और सिटी एसपी को हटा दिया गया है। ऐसी कार्रवाइयां लोगों के आक्रोश को शांत करने में भले मददगार हों, मगर प्रशासन के रवैये में बड़ी तब्दीलियां नहीं ला पातीं। वह परिवर्तन तो तभी आएगा, जब वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। पुलिस-प्रशासन चाहे कोलकाता का हो या ग्वालियर का, उसमें पेशेवर मुस्तैदी और कर्तव्यपरायणता का अभाव तब तक बना रहेगा, जब तक इस देश में वीआईपी संस्कृति कायम रहेगी। विडंबना यह है कि हमारा समूचा राजनीतिक वर्ग इस संस्कृति को छोड़ने को तैयार नहीं। दुर्योग से यह प्रवृत्ति अब सामान्य नागरिक समाज में पैठ बनाने लगी है। इसलिए, समय आ गया है, जब धर्म और संस्कृति के सही मूल्यों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई जाए। ये मूल्य हमें सिखाते हैं कि दूसरों को कुचलकर आगे बढ़ने से कहीं बड़ा धर्म है, बारिश में भीग जाना।

महंगाई से हम कैसे करें मुकाबला



अरुण कुमार | वरिष्ठ अर्थशास्त्री

हमारी सरकारों को अलग-अलग तबकों, खासकर निम्न मध्यवर्ग और गरीबों पर महंगाई के पड़ने वाले असर को देखते हुए नीतियां बनानी होंगी। यही रास्ता मुफीद होगा।

त्योहार के मौसम में बढ़ी महंगाई से मध्यवर्ग और गरीबों की पेशानी पर बल पड़ने स्वाभाविक हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई, जबकि अगस्त में यह 4.83 प्रतिशत थी। इस वक्त यह गुजरे 23 महीने के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, थोक महंगाई दर भी सितंबर में उछलकर 11.39 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 9.92 प्रतिशत थी। बाकी संकेतकों का हाल भी इससे बहुत जुदा नहीं है। खाद्य महंगाई दर (खुदरा) बढ़कर 7.74 प्रतिशत हो गई है, जबकि ईंधन और बिजली की थोक महंगाई दर 25 फीसदी को पार कर चुकी है।

बेशक, ये आंकड़े राष्ट्रीय आधार पर तैयार किए जाते हैं, लेकिन इनका असर हर तबके पर अलग-अलग पड़ता है। मसलन, महंगाई दर अमीरों या कुछ हद तक उच्च मध्यवर्ग पर उस तरह असरंदाज नहीं होती, जिस तरह निम्न मध्यवर्ग या वंचितों पर होती है। इसकी एक बड़ी वजह है- अलग-अलग 'कंजम्पशन बास्केट', यानी उपभोग खर्च।

यह 'बास्केट' ऐसा आर्थिक मापक है, जिसका उपयोग उन वस्तुओं और सेवाओं के लिए किया जाता है, जिनको एक औसत उपभोक्ता अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए निश्चित अवधि में खरीदता है। माना जाता है, अमीर तबका खाने-पीने की चीजों व ईंधन आदि पर अपने कुल खर्च का बमुश्किल चार-पांच फीसदी हिस्सा खर्च करता है। यही नहीं, उसकी कमाई मूलतः उन्हीं व्यवसायों से होती है, जिनकी महंगाई दर बढ़ने से परोक्ष रूप से फायदा होता है। इस तरह, संपन्न लोगों को महंगाई परेशान नहीं करती।

उच्च मध्यवर्ग भी कमोबेश अमीर तबके के साथ कदमताल करता रहता है। उसके पास बचत का हथियार होता है और खाने-पीने या ईंधन आदि पर वह भी तुलनात्मक रूप से कम खर्च करता है। नतीजतन, महंगाई के वह भी सफलतापूर्वक बर्दाश्त कर लेता है। दिक्कत निम्न मध्यवर्ग से शुरू होती है। अव्वल तो



उसकी आमदनी बहुत ज्यादा नहीं होती, फिर महंगाई बढ़ने से उसका बजट गड़बड़ाने लगता है। ऐसे में, वह पैसे नहीं बचा पाता। यह स्थिति 'सेविंग स्क्वीज' कहलाती है। मौजूदा महंगाई दर इस तबके को परेशान कर सकती है, क्योंकि उनकी आमदनी उतनी नहीं है, जबकि खर्चों का बोझ बढ़ जाएगा। इससे उनमें वित्तीय असुरक्षा और तनाव बढ़ सकता है।

गरीबों या वंचितों की दशा सबसे अधिक खराब होती है। उनके पास बचत का ऐसा कोई साधन नहीं होता, जिनसे उनको आर्थिक सहारा मिल सके। नतीजतन, वे अपने खर्च में कटौती करने लगते हैं। अभी भले त्योहारों की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन यह तबका बहुत ज्यादा खरीदारी करते हुए आपको शायद ही दिखे। अलबत्ता, खाने-पीने की चीजों में भी इस वर्ग की कतर-ब्योंत शुरू हो जाती है।

इन सबका संकेत साफ है। हमारी सरकारों को अलग-अलग तबके पर महंगाई के पड़ने वाले अलग-अलग असर को देखते हुए नीतियां बनानी चाहिए। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि महंगाई दर बाजार पर भी एक समान असर नहीं डालती। मसलन, जो संपन्न तबका है, वहां मांग बनी रहेगी। उल्टे, उनका खर्च बढ़ भी सकता है, क्योंकि महंगाई से उनकी कमाई बढ़ती है। इसलिए, मांग की कमी वहां होगी, जहां गरीब और वंचित तबका खरीदारी करता है। इस तरह, आने वाले दिनों में सामाजिक वर्ग के हिसाब से बाजार पर महंगाई दर असर डाल सकती है।

अभी थोक महंगाई दर अधिक है, जबकि खुदरा कम। यह संकेत है कि आने वाले दिनों में दाम और बढ़ेंगे। ऐसे में, गरीब और निम्न मध्यवर्ग की परेशानी बढ़ सकती है। उनको दूसरी मुश्किलों का भी सामना करना पड़ सकता है। असल में, जब देश में महंगाई या उत्पादन लागत बढ़ती है, तो इलेक्ट्रिक उत्पादों की कीमतों पर भी उसका असर पड़ता है। मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, फ्रिज जैसे उत्पादों के दाम बढ़ने लगते हैं। यह वृद्धि अब भी होगी। हालांकि इसमें बढ़ोतरी की एक बड़ी वजह चिप भी है, क्योंकि वैश्विक उथल-पुथल के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। दिक्कत यह है कि संगठित क्षेत्र की दीपावली के मौके पर मिलने वाले बोनस से उनकी समस्या तो कुछ हद तक दूर हो सकती है, लेकिन असंगठित क्षेत्र को यह सुविधा नहीं मिलेगी। ऐसे में, उनकी राह मुश्किल हो सकती है।

यह समझना होगा कि जैसे-जैसे गैर-बराबरी बढ़ती है, अर्थव्यवस्था में मांग कम होती जाती है। इससे रोजगार भी कम होने लगते हैं और त्योहारी मौसम के कुछ असंगठित काम बंद हो जाते हैं- जैसे, हलवाई दुकानों में सहायक के काम या फिर डिलिवरी ब्वॉय के। मौजूदा महंगाई दर से भी यह खतरा बना हुआ है। इसका अर्थ है कि त्योहार के समय गरीब तबकों में जो थोड़ी-बहुत खुशी दिखती रही है, इस बार वह मलिन पड़ सकती है। निम्न मध्यवर्ग भी प्रभावित हो सकता है।

सवाल है कि ऐसे में हमें क्या करना चाहिए? सरकार की तरफ से यही प्रयास होना चाहिए कि वह दाम न बढ़ने दे। इसके लिए जरूरी है कि अप्रत्यक्ष करों में कटौती की जाए, जो फिलहाल नहीं दिखती, क्योंकि जीएसटी परिषद् की बैठक 8 अक्तूबर को हो चुकी है और उसमें जीएसटी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका सीधा सा अर्थ है कि दूसरे रास्ते अपनाए जाने की जरूरत है। समय रहते, तो पेट्रोल, डीजल जैसे उत्पादों की दरों में, जो अभी जीएसटी के दायरे से बाहर हैं, कुछ कमी कर सकती है। इससे ऊर्जा उत्पादों के दाम थोड़े कम हो सकते हैं, जिससे महंगाई से थोड़ी राहत मिल सकती है।

हालांकि, इसे भी स्थायी समाधान नहीं मानना चाहिए। अभी अर्थव्यवस्था पर जो दबाव है, वह बीते महीनों से लगातार बढ़ता जा रहा है। चूंकि सरकारी कर्मियों का वेतन अभी बढ़ने वाला है, इसलिए आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ेगी, यानी आने वाले महीनों में महंगाई दर ऊंची बनी रहेगी।

ऐसे में, प्रश्न उठता है कि त्योहारी मौसम में बाजार क्या रुख लेगा? माल या संपन्न तबकों वाले बाजारों में महंगाई दर का शायद ही असर पड़े, क्योंकि वहां खरीदारी और खपत बनी रहेगी। परेशानी सामान्य दुकानदारों को होगी। वहां व्यापार कम हो सकता है। झुग्गी-झोंपड़ी या सामान्य आवासीय कॉलोनी के दुकानदार इस महंगाई को झेलने के लिए मजबूर होंगे। सप्ताहांत में सड़कों पर लगने वाले बाजार भी प्रभावित होंगे, बड़े दुकानों में त्योहारी रौनक बनी रहेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बच्चों को खुले दिमाग से पढ़ाया-सिखाया जाए



अनुराग बेहर | सीईओ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन

तंजानिया के गोम्बे में जेन गुडॉल नाम के एक व्यक्ति ने 1960 की किसी दोपहरी में वनमानुष को अजीब हरकतें करते देखा। उस वनमानुष ने एक टहनी से पत्तियां हटाकर टहनी को दीमकों की बांबी में डाला और बाहर निकाला, तो वह टहनी दीमकों से लिपटी पड़ी थी। जेन ने अपने गुरु लुई लीकी को इस बारे में लिखा। कहा जाता है, लीकी ने जवाब दिया कि अब हमें या तो 'औजार' की परिभाषा बदलनी होगी या फिर वनमानुषों को इंसान मानना होगा। माना जाता रहा है कि औजार बनाना ही वह खूबी है, जो हमें बाकी सभी जीवों से अलग करती है। उस दोपहर यह धारणा ध्वस्त हो गई।

आश्चर्य होता है कि इंसानों और जानवरों के बीच की विभाजन रेखा इतनी पक्की कैसे बन गई? 20वीं सदी में जानवरों के दिमाग पर अध्ययन की शुरुआत इस सोच से हुई थी कि अगर किसी व्यवहार को समझाने के लिए कोई सरल कारण मौजूद है, तो उसके लिए सोच को जटिल बनाने की जरूरत नहीं है।

शोधकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाता था कि जानवर केवल बाहरी माहौल के जवाब में व्यवहार करते हैं। फ्रांस डी वाल ने इस प्रवृत्ति को 'एन्थ्रोपोडिनियल' नाम दिया। यानी, दूसरे जानवरों में उन खूबियों को देखते ही इनकार कर देना, जिनको हम खुद में महसूस करते हैं। वाल ने इसे गलत साबित किया। उन्होंने प्रयोग के लिए कैपुचिन बंदरों को चुना। इसमें दो बंदरों को एक जैसा छोटा काम दिया गया। एक को इनाम के तौर पर अंगूर दिया, जबकि दूसरे को खीरा। जिस बंदर को खीरा मिला, उसने उसे देने वाले पर ही वापस फेंक दिया। इससे साफ पता चलता है कि 'निष्पक्षता' की समझ जानवरों में भी है। अफ्रीका के सवाना हाथियों पर शोध कर रहे वैज्ञानिकों ने बताया कि वे जानवर एक-दूसरे को अलग-अलग नामों से बुलाते हैं। एक हाथी सिर्फ उसी पुकार पर प्रतिक्रिया देता है, जो उसके लिए होती है, न कि उस पर, जो किसी और के लिए हो। बस हमारे पास पहले इतना धैर्य और ऐसे उपकरण नहीं थे, जिनसे हम यह समझ पाते कि वे एक-दूसरे को नाम से बुला रहे हैं।

हमें यह याद रखना है कि हमारी समझ का दायरा सीमित है और हो सकता है कि दूसरे लोग कुछ ऐसा देख पा रहे हों, जिसे हम नहीं देख सकते।

इसमें हम मनुष्यों को सीखने के लिए कई चीजें हैं। एक तो यह कि हम जितना सोचते हैं, जानवर उससे कहीं ज्यादा समझदार हैं। दूसरे, इसका बड़ा सबक यह है कि हमारी पुरानी आम धारणा कितनी गलत थी और वह गलत धारणा भी कितनी स्वाभाविक लग रही थी! पाठ्य-पुस्तकों में पूरे भरोसे के साथ यह पढ़ाया जाता रहा कि जानवरों में नैतिकता नहीं होती, सिर्फ इंसान ही औजार बनाते हैं और दुनिया वही है, जो हमारी पांच इंद्रियां हमें बताती हैं। पढ़े-लिखे लोग भी इन बातों को सच मानते थे, लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता गया, ये सभी धारणाएं टूटती गईं। यही वजह है कि हमें खुले दिमाग से और व्यापक रूप से पढ़ना-सीखना चाहिए।

खुले दिमाग से और व्यापक रूप से पढ़ने-सीखने की आदत की शुरुआत बचपन से ही होनी चाहिए। इसमें स्कूली शिक्षा बड़ी कारगर है। सीखने की समझी तो हमेशा अधूरी रहेगी। जो लोग शिक्षण संस्थान चलाते हैं या नीतियां बनाते हैं, उनमें अपने ज्ञान को लेकर अत्यधिक आत्मविश्वास होना बहुत खतरनाक हो सकता है। मैंने ऐसा इतनी बार होते देखा है कि गिनना भी मुश्किल है। जो चीज बनी रह सकती है, वह है सीखते रहने का नजरिया और क्षमता। स्कूल इसे विकसित कर सकते हैं।

आइए, विनम्रता के साथ अपनी बात समाप्त करें। अगर हम वनमानुषों, बंदरों और हाथियों की मानसिक क्षमताओं को समझने में इतनी बड़ी गलती कर सकते हैं, तो हम उन लोगों के जीवन के बारे में कैसे पूरी तरह आश्वस्त हो सकते हैं, जो हमसे अलग हैं? जैसे गरीबी में जीवन-यापन कर रहे लोग, अनजान लोग या वे लोग, जिनकी भाषा और आदतें हमसे बिल्कुल अलग हैं। इंसानी दुनिया में दूसरों की क्षमताओं, उनकी अहमियत को नकारने का एक बहुत बुरा इतिहास रहा है। विनम्र होने का मतलब यह नहीं है कि विचार शून्य बनें। इसका सीधा सा मतलब यह याद रखना है कि हमारी समझ का दायरा सीमित है और हो सकता है कि दूसरे लोग कुछ ऐसा देख पा रहे हों, जिसे हम नहीं देख सकते। अगर दुनिया ऐसे लोगों से बने, जिनमें इस तरह की विनम्रता हो, तो वह अधिक मानवीय बन जाएगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 19 अक्तूबर, 1951

कांग्रेस में शक्ति-संचार

श्री जवाहरलाल नेहरू के महान व्यक्तित्व, उनकी प्रचंड कार्य-शक्ति, अद्वितीय लोकप्रियता तथा स्फटिक सदृश सचाई को देखते हुए उनका पांचवीं बार कांग्रेस-अध्यक्ष के पद से अभिभाषण करना कोई आश्चर्य की बात नहीं। शासन-संचालन तथा दूसरे कार्यों के भारी बोझ से लदे रहने पर भी उन्होंने कांग्रेस महासमिति के अनुरोध पर कांग्रेस-अध्यक्ष का भी कार्य-भार उठाना स्वीकार किया। वास्तव में परिस्थिति ही ऐसी थी कि और कोई विकल्प नहीं दिखाई देता था।

कांग्रेस महासमिति के पिछले अधिवेशन में तथा उसके बाद भी सार्वजनिक भाषणों में कांग्रेस में एक 'आंधी चलाने' की चर्चा की थी। और इसमें सन्देह नहीं कि उसका सूत्रपात हो गया है। पृथक हुए कांग्रेसजनों का अपनी मातृ-संस्था से पुनर्मिलन तथा कतिपय गुटों के मनोमालिन्य का उन्मूलन कांग्रेस में एकता व शक्ति-संचार के शुभ संकेत हैं। लेकिन यह तो प्रारंभ ही है; अभी तक बड़ी मंजिल पार करनी है।

इस अधिवेशन की समाप्ति के साथ यह भ्रम भी मिट जाना चाहिए कि आगामी चुनावों के कारण कांग्रेस के पुनर्संगठन का प्रयत्न किया जा रहा है। यदि यह धारणा कायम रही तो कांग्रेस शिथिलता के दलदल से मुक्त न हो सकेगी। चुनावों में जीतने या हारने से, यद्यपि यह निश्चित सा ही है कि कांग्रेस विजयी होगी- यह बात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि वह अपनी पुरानी शक्ति और आत्मविश्वास के साथ भारत की नव अर्जित स्वतन्त्रता को सामाजिक तथा आर्थिक आधार पर सुदृढ़ व विकसित करने के कार्य में जी जान से जुट जाये। इसमें सन्देह नहीं कि आगामी चुनाव महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे देश के भावी शासन पर असर डालेंगे लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष की यह नेक सलाह अक्षरशः सत्य है: 'अगर हमको सिर्फ चुनाव जीतने की चिंता हो और हम अपने बुनियादी सिद्धांतों को भूल जाएं तो चुनाव का कोई महत्व नहीं रह जाता। हां, इन चुनावों को अगर हम उन सिद्धांतों की लड़ाई समझें और उसी लिहाज से अपने प्रतिनिधियों को चुनें तो सचमुच ये चुनाव लड़ने योग्य हैं और इनसे देश को लाभ होगा।' आज देश की इस सबसे बड़ी संस्था को अपना उत्तरदायित्व पुनः हृदयंगम करना है।

मनसा वाचा कर्मणा

रावण को समझना जरूरी

दशहरा देश के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। कहते हैं, श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध किया था, इसीलिए हर साल दशहरे के दिन रावण को मारा (जलाया) जाता है, लेकिन रावण को जला डालने से हम एक असाधारण व्यक्तित्व को समझने से वंचित रह जाते हैं। क्यों समझना जरूरी है रावण को? क्योंकि रावण को समझने से हम अपने आपको समझ सकते हैं।

पौराणिक कहानियां अंतरज्ञान की प्रतीक हैं। हम उन्हें बाह्य जगत के लिए प्रयोग करते हैं और उनके सार से चूक जाते हैं। रावण के दस सिर मानवीय भावनाओं के प्रतीक हैं : काम, क्रोध, मोह, लोभ, मद, मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। रावण बहुत विद्वान और महान शिवभक्त था, लेकिन उसके अंदर संतुलन नहीं था। रावण शब्द का अर्थ है- 'जोर से दहाड़ने वाला', 'चीखने-चिल्लाने वाला' या 'दूसरों को रुलाने वाला'।

रावण का प्रतीक एक मनोवैज्ञानिक सत्य है। पश्चिम में मनोविज्ञान ने कई मनोरोगों की खोज की है, जिनमें से एक है स्किजोफ्रेनिया। इसका मतलब है खंडित व्यक्तित्व; यानी दिखाने के दांत अलग, खाने के अलग। जब व्यक्तित्व अत्यधिक जटिल हो, तो उसके दो नहीं, अनेक टुकड़े हो जाते हैं। यह जटिलता क्यों आती है? हमारा सामाजिक जीवन एक दिखावा होता है। हम जैसे हैं, वैसे बाहर दिखा नहीं सकते, इसलिए हमें नकली चेहरे ओढ़ने पड़ते हैं। हम सब इसी पाखंड में जीते हैं।

रावण एक चित्त दशा है। ओशो ने रावण की अवस्था का विश्लेषण करते हुए कहा है, पाखंड का अर्थ है, जो आप नहीं हैं, वैसा स्वयं को दिखाना। हम सबके पास मुखौटे हैं। जरूरत पर हम उन्हें बदल लेते हैं। सुबह से सांझ तक बहुत बार हमें नए-नए चेहरों का उपयोग करना पड़ता है। धीरे-धीरे यह भी हो सकता है कि इस पाखंड में चलते-चलते भूल ही जाएं कि आप कौन हैं। आपने इतने चेहरे प्रकट किए हैं कि अब आप खुद भी भ्रांति में पड़ गए हैं कि मैं हूं कौन! हम रावण की कथा पढ़ते हैं, लेकिन शायद आपको अर्थ पकड़ में नहीं आया होगा कि रावण दशानन है, उसके दस चेहरे हैं। राम का एक ही चेहरा है। राम 'ऑथेंटिक' हैं। उन्हें आप पहचान सकते हैं, क्योंकि कोई धोखा नहीं है। रावण को पहचानना मुश्किल है। उसके बहुत चेहरे हैं। उसका असली चेहरा कौन सा है, यह पहचानना मुश्किल है।

रावण असुर है और हमारे चित्त की दशा जब तक आसुरी रहती है, तब तक हमारे भी बहुत चेहरे होते हैं। इनसे हम दूसरे को धोखा देते हैं, वह तो ठीक है, इनसे हम खुद भी धोखा खाते हैं।

रावण असुर है, और हमारे चित्त की दशा जब तक आसुरी रहती है, तब तक हमारे भी बहुत चेहरे होते हैं। हम भी दशानन होते हैं। इनसे हम दूसरे को धोखा देते हैं। इनसे हम खुद भी धोखा खाते हैं, क्योंकि हमें खुद ही याद नहीं रहता कि हमारा स्वरूप क्या है। यह हर आधुनिक मनुष्य की बीमारी है। हम रावण को तो जला देंगे, लेकिन हमारे दस चेहरों का क्या?

अमृत साधना

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री



शांति की कामना हमारी सभ्यतागत चेतना है, लेकिन शांति बनाए रखने के लिए शक्ति भी जरूरी है। आज के उच्च-तकनीकी दौर में भारत को गलत सूचना, अस्थिरता और अन्य उभरते खतरों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना ही होगा।

ऑनलाइन सज रही लोककलाओं की दुनिया

लोककलाएं किसी समाज की सांस्कृतिक पहचान और उसकी सामूहिक स्मृति की वाहक होती हैं। लोकगीत, लोकनृत्य, लोकनाट्य, कठपुतली और पारंपरिक चित्रकलाएं पीढ़ियों से हमारी विरासत को आगे बढ़ाती आई हैं। हालांकि, बदलती जीवनशैली, सीमित रोजगार और मनोरंजन के नए साधनों ने इनके सामने कई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में, डिजिटल मंच लोककलाओं के संरक्षण और प्रसार का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

पहले किसी क्षेत्र के लोकगीत या लोकनृत्य का प्रसार मुख्य रूप से स्थानीय मेलों, त्योहारों और सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रहता था। अब यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य डिजिटल मंचों के जरिये कलाकार देश-दुनिया के दर्शकों तक पहुंच रहे हैं। इससे उनकी कला को पहचान मिलने के साथ-साथ कमाई के नए रास्ते भी खुलने लगे। इंटरनेट ने कलाकार और दर्शक के बीच की दूरी काफी हद तक कम कर दी है। यही कारण है कि सुदूर इलाकों में बसा कोई कलाकार अब दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने में सफल हो रहा है। डिजिटल माध्यमों से उसे बड़ा दर्शक वर्ग मिलता है। इससे लोककला के प्रति लोगों का रुझान तो बढ़ता ही है, उस कला को भी नई पहचान मिलती है। राजस्थान के मांगणियार और लंगा समुदाय इसके बड़े उदाहरण हैं, जिन्हें उनके पारंपरिक संगीत की रिकॉर्डिंग, ऑनलाइन वीडियो और संगीत समारोहों के जरिये देश-विदेश में पहचान मिली है।

डिजिटल मंच लोककलाओं के दस्तावेजीकरण में भी उपयोगी हैं। अनेक पारंपरिक गीत, कथाएं और प्रस्तुतियां मौखिक परंपरा के सहारे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती रही हैं। इनके वीडियो और ऑडियो रिकॉर्ड सुरक्षित रखने से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने में मदद मिल सकती है। दुर्लभ लोकनाट्य शैलियों, क्षेत्रीय बोलियों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का डिजिटल अभिलेखन इस दिशा में खास महत्व रखता है। 1953 में स्थापित संगीत नाटक अकादमी लोक, जनजातीय और पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं के संरक्षण एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए काम करती भी है। यह ठीक है कि ऑनलाइन लोकप्रियता ही संरक्षण का पर्याप्त पैमाना नहीं है। कलाकारों को उचित मेहनताना, कॉपीराइट सुरक्षा, डिजिटल प्रशिक्षण और अपनी सामग्री से होने वाली कमाई में न्यायपूर्ण हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए। इस सबका अर्थ स्पष्ट है कि डिजिटल मंच लोककलाओं के लिए केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि उनके संरक्षण, प्रचार और आर्थिक सशक्तीकरण का अवसर भी हैं।

चंदन कुमार, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
डिजिटल दौर में कला



डिजिटल चमक से प्रभावित हो रहे कलाकार

डिजिटल मंचों से लोककलाओं को कई तरह की सुविधाएं जरूर मिलती हैं, पर यह मान लेना कि तकनीक ही इनके संरक्षण का समाधान है, सही नहीं होगा। लोककलाएं केवल मनोरंजन की सामग्री नहीं हैं। वे किसी समुदाय के इतिहास, जीवन-शैली, भाषा, विश्वास और सामाजिक अनुभवों से जुड़ी होती हैं। जब इन्हें कुछ मिनटों के वीडियो या लोकप्रियता बढ़ाने वाली सामग्री तक सीमित कर दिया जाता है, तो इनके मूल स्वरूप के कमजोर पड़ने का खतरा पैदा होता है। असल में, डिजिटल मंचों पर लोकप्रियता का आकलन अक्सर व्यूज, लाइक और कमेंट से होता है। ऐसे में, कलाकारों पर जल्दी लोकप्रिय होने का दबाव बनता है। वे गीतों की मूल धुन, बोल, वेशभूषा या प्रस्तुति में बदलाव करने लगते हैं। लोकगीतों का संदर्भ से अलग इस्तेमाल और पारंपरिक नृत्यों को केवल छोटे वीडियो तक सीमित करना इसके उदाहरण हैं। इससे कला का बाहरी रूप तो निखर सकता है, लेकिन उसके पीछे का इतिहास और सांस्कृतिक अर्थ छूट सकते हैं।

दूसरी बड़ी चुनौती आर्थिक है। किसी कलाकार के वीडियो को लाखों लोग देख भी लें, तो यह जरूरी नहीं कि उसे उसके श्रम के अनुरूप आय भी मिले। डिजिटल मंचों पर सामग्री बनाने, प्रचार करने और दर्शकों तक पहुंचने के लिए तकनीकी जानकारी, उपकरण और समय चाहिए। ग्रामीण तथा दूरदराज के इलाकों में रहने वाले अनेक पारंपरिक कलाकारों के पास ये सुविधाएं नहीं हैं। इससे, जिन कलाकारों को सबसे अधिक प्रोत्साहन की जरूरत है, वे डिजिटल प्रतिस्पर्द्धा में पीछे रह जाते हैं। यहां कॉपीराइट और सांस्कृतिक अधिकारों का प्रश्न भी अहम है। किसी लोकगीत या पारंपरिक धुन को रिकॉर्ड करके दूसरा व्यक्ति अपने नाम से प्रसारित करे, तो मूल कलाकार पहचान और कमाई से वंचित हो सकता है। यह भी समझना आवश्यक कि लोककलाओं की असली ताकत उनके जीवंत अभ्यास में है। गुरु से शिष्य तक सीखने की प्रक्रिया, सामुदायिक आयोजन और स्थानीय परिवेश में होने वाली प्रस्तुतियां इन्हें आगे बढ़ाती हैं। ऐसे में, डिजिटल दुनिया लोककलाओं को बहुत मदद नहीं कर सकती हैं।

इसलिए लोककलाओं का भविष्य केवल तकनीक पर निर्भर नहीं हो सकता। डिजिटल मंच तभी सार्थक होंगे, जब वे लोककलाओं को महज लोकप्रिय सामग्री नहीं, बल्कि समुदाय की जीवंत विरासत मानकर आगे बढ़ाएं। असली कसौटी यह नहीं कि किसी लोकगीत को कितने लोगों ने देखा, बल्कि यह है कि उस गीत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने वाले कलाकार और उनकी परंपरा कितनी सुरक्षित हैं।

स्वीकृति कुमारी, टिप्पणीकार

आदतों को मंजिल की ओर मोड़ें

हम क्या चाहते हैं, यह तय करना आसान है। मुश्किल है अपनी रोजमर्रा की आदतों को उस चाहत के अनुरूप ढालना। हम फिट रहना चाहते हैं, पर व्यायाम करना टाल देते हैं। हम किताबें पढ़ना चाहते हैं, पर कुछ देर के लिए भी मोबाइल नहीं छोड़ पाते। हमारे इरादों और रोज के व्यवहार के बीच यही दूरी हमें अपने लक्ष्यों से दूर रखती है।

टॉम ग्रीन

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि हमें क्या चाहिए। ज्यादा पैसा, कम चिंता, बेहतर सेहत, बड़ा घर, कम ट्रैफिक, कम ईमेल और अच्छी नींद। या फिर ऐसी नौकरी, जिसके बारे में सोचकर रविवार की दोपहर से ही सोमवार की सुबह का डर सताने न लगे। अपनी इच्छाएं बताना मुश्किल नहीं है, लेकिन एक दूसरा सवाल जो ज्यादा जरूरी है, वो यह कि हमारी आदतें उन लक्ष्यों से कितना मेल खाती हैं?

अपनी रोजमर्रा की जिंदगी पर गौर कीजिए। सोमवार को आप तय करते हैं कि अब सेहत पर ध्यान देंगे, नियमित व्यायाम करेंगे और खाने-पीने की आदतें सुधारेंगे। जब मंगलवार को मनपसंद खाने का मौका मिलता है, तो सारे इरादे पीछे छूट जाते हैं। व्यायाम करने की इच्छा अपनी जगह रहती है, मगर उस वक्त मन कुछ और चाहता है। आप जानते हैं कि आपके लिए क्या अच्छा है, फिर भी वही करने का मन नहीं करता।

यही बात पढ़ने की आदत डालने के साथ भी होती है। आप सोचते हैं कि अब मोबाइल और टीवी पर समय बिताने के बजाय किताबें पढ़ेंगे। होता यह है कि शाम होते-होते किसी वेब सीरीज के अगले एपिसोड पर क्लिक कर देते हैं। किताब पास ही रखी रह जाती है और रात कब बीत जाती है, पता भी नहीं चलता। बड़े होने के साथ हम धीरे-धीरे समझते हैं कि हम जो बनना चाहते हैं और हमारी तात्कालिक इच्छाएं, दो अलग-अलग बातें हो सकती हैं।

हम स्वस्थ रहना चाहते हैं, लेकिन मन पसंदीदा सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले खाने की ओर खिंचता है। हम अनुशासित बनना चाहते हैं, पर आसानी और आराम का रास्ता चुन लेते हैं। हमारी आकांक्षाओं और तात्कालिक इच्छाओं के बीच अक्सर एक दूरी होती है।

दार्शनिक आर्थर शोपेनहावर के अनुसार, मनुष्य अपनी इच्छा के मुताबिक काम तो कर सकता है, लेकिन यह तय करना हमेशा उसके वश में नहीं होता कि वह स्वयं क्या चाहेगा। यानी हम अपने व्यवहार को दिशा देने की कोशिश कर सकते हैं, पर हर बार अपनी इच्छा को मनचाहा रूप देना आसान नहीं होता।

अपनी आदतों पर ध्यान दें

हम रोज जो करते हैं, वह केवल एक काम नहीं होता। वह उस व्यक्ति की छवि भी गढ़ता है, जो हम धीरे-धीरे बन रहे होते हैं। मसलन, अगर आप स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहते हैं, तो केवल यह सोचते रहना काफी नहीं कि आपको पौष्टिक भोजन करना चाहिए। इसके लिए घर में खाने-पीने की चीजों का चुनाव भी उसी हिसाब से करना होगा।

अगर आप नियमित व्यायाम करना चाहते हैं, तो उसके लिए समय निकालना और जरूरी तैयारी करना भी आपकी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं, तो उन परिस्थितियों से दूरी बनाने पर भी विचार करना होगा, जिनमें बार-बार सिगरेट पीने का मन करता है।

इन छोटे-छोटे कदमों का महत्व इसलिए है, क्योंकि वे आपके इरादे को व्यवहार में बदलते हैं। आप अपने लिए ऐसा माहौल बनाते हैं, जिसमें सही चुनाव करना थोड़ा आसान हो जाता है। आप अपने आसपास के हालात को अनुकूल बनाने लगते हैं।

यह बदलाव शुरुआत में बनावटी भी लग सकता है, पर किसी काम को शुरू करने में असहज महसूस करना इस बात का प्रमाण नहीं है कि वह आपके स्वभाव के अनुकूल नहीं है। कई बार किसी नई आदत को अपनाने के लिए पहले उसके अनुरूप व्यवहार करना पड़ता है। धीरे-धीरे वही व्यवहार आपकी दिनचर्या का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है।



अपने फैसलों की दिशा समझें

हमारी जिंदगी केवल उन सपनों से नहीं बनती, जिन्हें हम मन में संजोते हैं। वह उन फैसलों से बनती है, जिन्हें हम बार-बार लेते हैं। जिन आदतों को हम अपना समय और ऊर्जा देते हैं, वे मजबूत होती जाती हैं। जिन आदतों को लगातार छोड़ते जाते हैं, उनका प्रभाव धीरे-धीरे कम हो सकता है।

इसका मतलब यह नहीं कि व्यक्ति अपनी हर इच्छा पूरी कर सकता है। परिस्थितियां, जिम्मेदारियां और हमारी क्षमताएं भी मायने रखती हैं। इतना जरूर है कि छोटे व लगातार किए गए प्रयास ही हमें अपनी मनचाही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। कई बार होता है कि जो व्यक्ति व्यायाम करने के लिए मुश्किल से समय निकाल पाता था, वह कुछ समय बाद उसे अपनी दिनचर्या का जरूरी हिस्सा मानने लगता है। जो व्यक्ति नशे से मुक्त होने की कोशिश कर रहा है, वह सही उपचार और सहयोग से अपनी जिंदगी को नई दिशा दे सकता है।

जो व्यक्ति हर समय नए रोमांच की तलाश में रहता था, वह अनुभव के साथ स्थिरता और भरोसे को अधिक महत्व दे सकता है। कई बार हम पहले कदम उठाते हैं, फिर उस काम से हमारा जुड़ाव बढ़ता है और धीरे-धीरे हमारी पसंद भी बदलने लगती है। खुद से केवल यह न पूछें कि आप क्या चाहते हैं। यह भी पूछें कि आप कैसा इंसान बनना चाहते हैं और उस दिशा में बढ़ने के लिए आज क्या कर सकते हैं?

एक समय में दो विपरीत इच्छाएं

इंसानी मन की एक और खासियत है। कई बार हम एक ही चीज को चाहते भी हैं और उससे दूर भी भागते हैं।

कोई व्यक्ति अपने वैवाहिक रिश्ते में प्रेम, भरोसा और स्थिरता चाहता है। वह परिवार के साथ समय बिताने, छुट्टियां मनाने और सुखद यादें बनाने का सपना देखता है। फिर भी अगर वह बार-बार अपने साथी का भरोसा तोड़ने वाले काम करता है, तो उसके व्यवहार और आकांक्षा के बीच दूरी बनी रहती है। एक व्यक्ति नशे से मुक्त होना चाहता है, पर उसकी तीव्र इच्छा उसे दोबारा उसी ओर खींच लेती है। इसे केवल इच्छाशक्ति की कमी कह देना आसान है, पर लत से बाहर निकलने के लिए कई बार उपचार और अपने आसपास के लोगों के सहयोग की जरूरत होती है।

किसी चीज को चाहने और उसके अनुरूप व्यवहार करने के बीच हमेशा सीधा संबंध नहीं होता। हमारी आदतें, तात्कालिक सुख, डर व हालात हमारे फैसलों को प्रभावित करते हैं। जरूरी है कि हम अपनी इच्छाओं को समझने के साथ अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें।

अपने लक्ष्यों को भी परखें



कई बार किसी लक्ष्य को पाने की चाह से ज्यादा आकर्षण उस व्यक्ति की छवि में होता है, जो उसे हासिल करने के बाद हमारे मन में बनती है।

मसलन, किसी का मैराथन दौड़ने या कठिन ट्रायथलॉन पूरा करने का सपना हो सकता है। उसे लगता है कि ऐसा कर पाना उसे खास बनाएगा। लेकिन, क्या वह इसके लिए नियमित अभ्यास, लंबी तैयारी और अपनी कमजोरियों पर काम करने को भी तैयार है? ऐसा तो नहीं कि केवल लक्ष्य हासिल कर लेने की कल्पना ही अच्छी लगती है?

मेरा लंबे समय से आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा करने का सपना है। इसके साथ मिलने वाले अनुभव और पहचान का आकर्षण भी मुझे अपनी ओर खींचते हैं। साथ ही यह भी सच है कि तैराकी में उन्नत प्रशिक्षण लेने और तैयारी में सैकड़ों घंटे लगाने की मेरी इच्छा उतनी मजबूत नहीं है। मैं इस लक्ष्य को पाना चाहता हूं, पर इसके लिए जरूरी मेहनत करने की चाह उतनी नहीं है।

ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा होता है। हम लेखक बनना चाहते हैं, पर नियमित लिखना टालते रहते हैं। फिट रहना चाहते हैं, पर व्यायाम नहीं करते। नई भाषा सीखना चाहते हैं, पर रोज अभ्यास के लिए सही समय आने का इंतजार करते हैं।

ऐसे में खुद से पूछें कि क्या हम सचमुच उस लक्ष्य को पाना चाहते हैं या केवल उस व्यक्ति की तरह दिखना चाहते हैं, जिसने उसे हासिल किया है। इस सवाल का ईमानदार जवाब हमें अपनी ऊर्जा और समय सही दिशा में लगाने में मदद करेगा।

goodmenproject.com

मतलबी माहौल में खोने लगीं छोटी-छोटी बातें

आजकल हमारी बातचीत में कामकाज और मतलब की बातें हावी हो गई हैं। पहले की तरह सहज बातचीत के मौके कम होते जा रहे हैं। आपसी जुड़ाव की यह कमी चिंता और अकेलापन बढ़ा रही है।



पिछले कुछ वर्षों में अपने क्लाइंट्स से बातचीत में मैंने यह महसूस किया है कि घर हो या बाहर, हमारे बीच संवाद कम हो रहा है। एक-दूसरे को सुनने-समझने के धैर्य और आपसी जुड़ाव में कमी आ रही है। यह बदलाव हर तरह के रिश्तों में दिखाई देता है।

42 साल के एक व्यक्ति ने मुझसे कहा, 'मेरी जिंदगी व्यवस्थित है। मैं हर काम अच्छी तरह कर लेता हूं, पर भीतर से खाली महसूस करता हूं। दोस्तों के मैसेज आते हैं, पर असल जुड़ाव नहीं है। मुझे अपनी मां और उनके दोस्तों से जलन होती है, जो रोजमर्रा की छोटी-बड़ी बातें साझा करते हैं।'

पर्सपेक्टिव्स ऑन साइकोलॉजिकल साइंस में 2026 में छपे एक शोधपत्र के अनुसार, 2005 से 2019 के बीच लोगों के रोजाना बोले जाने वाले शब्दों की संख्या में हर साल औसतन 338 शब्दों की कमी आई। वैलेरिया फाइफर और मैथियास मेहल के इस अध्ययन के मुताबिक, 2005 में लगभग 16,000 शब्दों का अनुमान 2019 में घटकर करीब 12,700 रह गया था।

मेरे विचार से, हम धीरे-धीरे उन छोटी और अनायास होने वाली बातचीतों को खो रहे हैं, जो कभी रोजमर्रा की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा हुआ करती थीं। किराने वाले से, बैंककर्मियों से या सब्जीवालों से कुछ देर की बातचीत भी हमें दूसरों से जुड़ने का मौका देती थी। अब ऑनलाइन खरीदारी, घर बैठे सामान मंगाने और डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं ने बातचीत के कई मौके कम कर दिए हैं। हमारे संपर्क अक्सर काम पूरा करने तक सीमित रह जाते हैं। खुलकर बात करने और आत्मीय संबंध बनाने के मौके कम हो रहे हैं। ऐप्स से बातचीत का बढ़ता चलन हमारे बातचीत के तरीके को भी बदल रहा है।

जुड़ाव को चुनें

हाल में, मैं एक गाइड के साथ ट्रैकिंग कर रही थी। एक मोड़ पर मुझे लगा कि अब आगे बढ़ना मुश्किल होगा। मैंने एक दूसरे ट्रैकर से पूछा कि उसने यह सफर कैसे पूरा कर लिया। उसने कहा, 'अगर मैं इसे पूरा कर सकता हूं, तो आप भी कर सकती हैं। बस चलते रहिए।' दो मिनट से भी कम समय की इस बातचीत ने मुझे ट्रेक पूरा करने में मदद की। उस अजनबी से हुई छोटी-सी बातचीत ने मुझे ताकत से भर दिया। यह भी एहसास हुआ कि हम सब आपस में जुड़े हैं और जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे का सहारा बन सकते हैं।

घटते संवाद, बढ़ता अकेलापन

जब हम किसी समस्या को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा मान लेते हैं, तो उसे बदलने की कोशिश भी कम कर देते हैं। दूसरों से और अपने परिवेश से दूरी बनाना एक ऐसी समस्या है, जिसे हमें सामान्य बनाने से बचना चाहिए। हमारा केवल कामकाज में कुशल होना पर्याप्त नहीं है। दूसरों से जुड़ना, उन्हें सुनना और किसी का हमें समझना भी जरूरी है। बढ़ती चिंता, एक ही बात को बार-बार सोचने की आदत व आपसी भरोसे की कमी, हमारे सामाजिक जीवन को सीमित कर देती है।

इस बदलाव की शुरुआत छोटे-छोटे कदमों से करें। हर समय स्क्रीन पर नजरें टिकाए रखने के बजाय आसपास के लोगों पर ध्यान दें। अपने पड़ोसी को देखकर मुस्कराएं और उसका अभिवादन करें। किसी परिचित का हालचाल पूछें। जब कोई आपसे बात करे, तो औपचारिक जवाब देने के बजाय उन्हें ध्यान से सुनें।

सोनाली गुप्ता, मनोचिकित्सक (मिंट से)

विविध

पुरानी यादों में न उलझें, आगे बढ़ें

किसी रिश्ते के खत्म होने के बाद भी उससे जुड़ी भावनाएं हमारे भीतर बनी रह सकती हैं। किसी की याद आना और उनके पास फिर से लौटना, दोनों अलग बातें हैं। आगे बढ़ने का मतलब यादों को मिटाना नहीं है, बल्कि उनसे जुड़ी भावनाओं को अपने फैसलों पर हावी न होने देना है।



सिर्फ राहत पाने के लिए पुराने रिश्ते में न लौटें

अकेलापन महसूस होने पर पुराने रिश्ते में लौटने का मन कर सकता है, पर मूल समस्या जस की तस है, तो राहत कम समय की ही होगी।

क्या करें : खुद को समय दें। सोचें कि क्या हालात सचमुच बदले हैं।

पुरानी अच्छी यादों में खोए न रहें

किसी रिश्ते में अच्छे पल होने का मतलब यह नहीं कि वह रिश्ता आपके लिए सही भी था।

क्या करें : अच्छी यादें रखें, पर अलग होने की वजह भी याद रखें।

परवाह के संकेत तलाशना छोड़ें

यह जानने में न उलझें कि क्या उन्हें अब भी आपकी परवाह है? बार-बार उनका सोशल मीडिया देखना या संदेश का इंतजार करना बेचैनी बढ़ा सकता है।

क्या करें : उनकी बजाय अपना ध्यान उन लोगों व गतिविधियों पर लगाएं, जो आपको सुकून देते हैं।

लौटने की उम्मीद में अपनी जिंदगी न रोकें

किसी के लौटने की उम्मीद में आप नए अनुभवों से दूर रह सकते हैं। इस उम्मीद में अपनी जिंदगी न रोकें कि वह शायद वापस आ जाए।

क्या करें : अपनी दिनचर्या, शौक और भावी योजनाओं पर ध्यान दें। आगे बढ़ने के लिए तुरंत कोई नया रिश्ता बनाना जरूरी नहीं है।

किसी को पछतावा दिलाने के लिए न जिएं

अगर आपकी तरक्की का मकसद दूसरों को कुछ साबित करना या उन्हें जलाना है, तो इसका असर आपके मन पर भी पड़ेगा।

क्या करें : ऐसे लक्ष्य चुनें, जो आपकी जिंदगी बेहतर बनाएं। दूसरों की राय की चिंता न करें।

अपने फैसले पर बार-बार शक न करें

किसी की याद आने पर उदासी या अकेलापन महसूस होना इस बात का प्रमाण नहीं कि अलग होने का फैसला गलत था।

क्या करें : उदासी या अकेलेपन के में तुरंत फैसला न बदलें। खुद से पूछें कि रिश्ते में कुछ बदला है या सिर्फ आपकी भावनाएं बदली हैं।

खालीपन तुरंत भरने की कोशिश न करें

किसी के जाने के बाद खालीपन महसूस हो सकता है। इसे दूर करने के लिए तुरंत नया रिश्ता बनाने या लगातार व्यस्त रहना जरूरी नहीं है।

क्या करें : अपना पसंदीदा काम काम करें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं और खुद को नई दिनचर्या बनाने का मौका दें।

एकदा वाचाल

एक राजा बहुत अधिक बोलता था। उसका मंत्री बहुत विद्वान और राजा का हितचिंतक था। वह राजा की इस आदत को छुड़ाना चाहता था। एक दिन राजा मंत्री के साथ उद्यान में घूम रहा था। वहां वह एक शिला पर बैठ गया। शिला के ऊपर एक छायादार पेड़ था।

